a) Copies of the Annual report will not be distributed at the venue of the meeting. Shareholders/Proxy holders/Authorized representatives are, therefore, requested to bring their copies of the Annual Report to the meeting. The Annual Report is also being posted on the Bank's Website at www.pnbindia.in

b) Electronic copy of the Annual report containing Notice of the 15th Annual General Meeting (AGM), inter alia, indicating the process and manner of e-voting along with Attendance Slip and Proxy Form is being sent to all the shareholders whose email IDs are registered with the STA/Depository Participants(s) for communication purposes. However, a hard copy of the Report is sent to those members who have specifically requested for the hard copy, despite having their email addresses registered. The shareholders may send their requests to the Bank's email-id: hosd@pnb.co.in

c) Further, Shareholders who have not registered their email addresses, physical copies of the abridged Annual report containing notice of the 15th Annual General Meeting of the Bank inter alia indicating the process and manner of e-voting along with Attendance Slip and Proxy Form is being sent in the permitted mode.

d) Shareholders may also note that the Notice of the 15th AGM and the Annual Report for 2015-16 will also be available on the Bank's website www.pnbindia.in for download. The physical copies of the aforesaid documents will also be available at the Bank's Head Office at Share Department, Finance Division, 5 Sansad Marg, New Delhi-110001 for inspection during normal business hours on working days.

e) Shareholders may kindly note that no gift/gift coupon will be distributed at the meeting.

f) Due to security reasons brief cases, eatables & other belongings are not allowed inside the auditorium. Persons attending the meeting are therefore advised to make their own arrangements for safe keeping of their articles.

8. EXERCISE OF VOTING RIGHTS THROUGH E-VOTING

In terms of Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended by the Companies (Management and Administration) Amendment Rules, 2015, shareholders entitled to attend and vote at the meeting, can exercise their voting rights through electronic means.

नोटिस में दिए गए व्यवसाय को इलेक्ट्रानिक वोटिंग प्रणाली के द्वारा निष्पादित किया है तथा इलेक्ट्रानिक माध्यमों से वोटिंग करने की सुविधा कम्पनी उपलब्ध करा रही है।.

9. मतदान प्रक्रिया

इलैक्ट्रानिक माध्यमों द्वारा मतदान

i) सेबी (सूचीकरण अपेक्षायें एवं प्रकटीकरण आवश्यकतायें) के विनियमन 2015 के विनियम 44, स्टाक एक्सचेंजों के साथ सूचीकरण करार के अनुसरण में और कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियमावली 2014 यथासंशोधित कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियमावली 2015 के नियम 20 के प्रावधानों की अनुपालना में बैंक शेयरधारकों को आगामी एजीएम में विचारणीय संकल्पों पर इलैक्ट्रानिक माध्यमों द्वारा मतदान करने की सुविधा दे रहा है और यह कार्यनिष्पादन नैशनल सिक्योरिटी डिपाजिटरी लि. (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए ई-वोटिंग प्लेटफार्म के माध्यम से दिया जा रहा है। सदस्य अपना वोट इलैक्ट्रानिक वोटिंग सिस्टम का प्रयोग करके बैठक स्थल के अलावा अन्य स्थान से भी कर सकते हैं। ('रिमोट ई वोटिंग')

ii) वह सदस्य जिसने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं किया है वह अपना वोट बैठक स्थल एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराए गए (''इंस्टा पोल'') टैबलेट आधारित इलैक्ट्रानिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से बैठक स्थल पर कर सकता है। हस्ताक्षर के साथ डीपीआईडी/क्लाइंट आईडी या फोलियो नं. के सत्यापन के बाद आम बैठक स्थल पर शेयरधारकों को पंजीकरण के समय ई-वोट की (Key) जारी की जायेगी।

iii) वह सदस्य जिसने बैठक से पहले ही रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट किया गया है बैठक में भाग ले सकता है परंतु वह दोबारा अपना वोट करने के लिए पात्र नहीं होगा।

iv) रिमोट ई-वोटिंग की अवधि 27.06.2016 प्रात: 9.00 बजे शुरू होगी और 29.06.2016 सायं 5.00 बजे तक समाप्त हो जाएगी। इस अवधि में कट आफ तिथि 24.06.2016 के अनुसार बैंक के शेयरधारक चाहे वह भौतिक रूप में शेयरधारित करते हो या डिमेटेरियलाइज्ड रूप में लेखा परीक्षित खाते, रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा को प्राप्त करने और साथ ही साथ एजीएम में वोटिंग के पात्र होंगे। ई-वोटिंग के बाद एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग माडयूल हटा दिया जाएगा।

v) जिन सदस्यों के ई-मेल आईडी बैंक/डिपाजिटरी सहभागी(यों) के साथ पहले से ही पंजीकृत है, एनएसडीएल द्वारा एक ई-मेल जिसमें रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट डालने के लिए सदस्य के पंजीकृत ई-मेल पते पर यूजर आईडी तथा पासवर्ड भेजा जाएगा।

vi) एनएसडीएल से जिन सदस्यों को ई-मेल प्राप्त हुए हैं को सलाह दी जाती है कि वे रिमोट ई-वोटिंग के लिए निम्न कदम उठायें:

(i) ई-मेल खोलिए तथा पीडीएफ फाईल खोलिए अर्थात "e-voting.pdf" (यदि आपके पास अमूर्त रुप में शेयर होल्डिंग है) या फोलियो न0. (यदि आपके पास भौतिक रुप में शेयर होल्डिंग है) पासवर्ड की तरह है। सम्बन्धित पीडीएफ में ई-वोटिंग के लिए आपका यूजर आईडी और पासवर्ड /पिन है। कृपया नोट करें कि पासवर्ड एक प्रारम्भिक पासवर्ड है।

(ii) निम्नलिखित यूआरएल टाईप करके https://www.evoting.nsdl.com/ पर इंटरनेट ब्राउजर शुरु करें।

(iii) "Shareholders" पर क्लिक करें।

(iv) मद (i) में वर्णित चरणों में यूजर आईडी तथा प्रारम्भिक पासवर्ड की तरह पासवर्ड/पिन डालें। क्लिक लॉगिन।

(v) पासवर्ड परिवर्तन मेनू दिखाई देगा। अपने पसन्द से पुराने पासवर्ड को आप बदल सकते है जो कम से कम 8 अंको/कैरेक्टर या इनका मिला जुला रुप होना चाहिए। यह दृढ़तापूर्वक सुझाव दिया जाता है कि किसी भी अन्य व्यक्ति के साथ अपना पासवर्ड साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने में सावधानी बरतें।

(vi) ई-वोटिंग का होम पेज खुलने पर ई-वोटिंग पर क्लिक करे और वोटिंग चक्र को सक्रिय करे।

(vii) ''पंजाब नैशनल बैंक'' के लिए ई-वोटिंग ईवेंट नं. (EVEN) चुने।

(viii) अब आप ई-वोटिंग के लिए तैयार है क्योकि वोट डालने का पेज खुल गया है।

(ix) समुचित विकल्प चुनकर आप अपना वोट डाल सकते है और ''सबमिट'' पर क्लिक करे और अपने वोट की ''कन्फर्म'' करे।

(x) पुष्टि करने के बाद ''सफलता पूर्वक वोट डाला गया'' संदेश प्रदर्शित होगा।

(xi) एक बार संकल्प पर अपना वोट डालने के बाद आपको अपना वोट बदलने की अनुमति नहीं होगी।

(xii) संस्थागत शेयरधारक (अर्थात् व्यक्तियों, एचयूएफ, एनआरआई आदि से भिन्न) प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता जिसे वोट के लिए अधिकृत किया है के पूर्ण हस्ताक्षर अभिप्रमाणित करने के साथ सम्बन्धित बोर्ड संकल्प/प्राधिकृत पत्र इत्यादि की स्कैन प्रति (पीडीएफ/जेपीजी फार्मेट) प्रारुप में के साथ संवीक्षक को agc.scrutinizer@gmail.com पर भेजना आवश्यक है। जिसकी प्रति evoting@nsdl.co.in पर भी भेजें।

(xiii) सदस्य जिसकी ई-मेल आई डी बैंक/डिपॉजिटरी सहभागी के साथ पंजीकृत नही है वह अपना वोट देने के लिए अपनी डीमेट खाता सं./फ़ॉलियो सं. वर्णित करते हुए evoting@nsdl.co.in या एनएसडीएल के टॉल फ्री नं. 1800-222-990 पर अनुरोध भेजकर रिमोट ई-वोटिंग के लिए अपना लॉग-इन आई डी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते है।

The business set out in the Notice will be transacted through electronic voting system and the Company is providing facility for voting by electronic means.

9. VOTING PROCESS

VOTING THROUGH ELECTRONIC MEANS

i) Pursuant to Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Listing Agreement with Stock Exchanges, and provisions under Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended by the Companies (Management and Administration) Amendment Rules, 2015, the Bank is pleased to provide its shareholders facility to exercise their right to vote on resolutions proposed to be passed in the Meeting by electronic means through e-voting platform provided by National Securities Depository Limited (NSDL). The members may cast their votes using an electronic voting system from a place other than the venue of the Meeting ('remote e-voting').

ii) The members who have not cast vote through remote e-voting, facility for voting through tablet based electronic voting system ('Insta Poll') shall be made available at the venue of the Meeting through 'Insta Poll' by NSDL. After verification of DPID/client ID or Folio No. along with signature the e-vote key will be issued at the time of registration to shareholders at the venue of general meeting.

iii). The members who have cast their vote by remote e–voting prior to the meeting may attend the meeting but shall not be entitled to cast their vote again.

iv) The remote e-voting period begins on 27.06.2016 at 9.00 AM and ends on 29.06.2016 at 5:00 PM. During this period shareholders of the Bank, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date 24.06.2016 shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM. The e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter.

v) The members whose e-mail ids are already registered with the Bank/Depository Participant(s), an e-mail containing user ID and Password for casting votes by remote e-voting shall be sent by NSDL at the registered e-mail address of the member(s).

vi) The members who receive email from NSDL are advised to take the following steps for casting their vote by remote e-voting:

(i) Open email and open PDF file viz; "e-voting.pdf" (Client ID in case you are holding shares in demat mode) or Folio No. (in case you are holding shares in physical mode) as password. The said PDF file contains your user ID and password/PIN for remote e-voting. Please note that the password is an initial password.

(ii) Launch internet browser by typing the following URL: https://www.evoting.nsdl.com/

(iii) Click on "Shareholder"- Login.

(iv) Enter user ID and password as initial password/PIN noted in step (i) above. Click Login.

(v) Password change menu will appear. Change the password with new password of your choice with minimum 8 digits/characters or combination thereof. Note/Remember new password. It is strongly recommended not to share your password with any other person and take utmost care to keep your password confidential.

(vi) Home page of e-Voting opens. Click on e-Voting: Active Voting Cycles.

(vii) Select "E-voting event number" (EVEN) of " Punjab National Bank".

(viii) Now you are ready for e-Voting as Cast Vote page opens.

(ix) Cast your vote by selecting appropriate option and click on "Submit" and also "Confirm" when prompted.

(x) Upon confirmation, the message "Vote cast successfully" will be displayed.

(xi) Once you have voted on the resolution, you will not be allowed to modify your vote.

(xii) Institutional shareholders (i.e. other than individuals, HUF, NRI etc.) are required to send scanned copy (PDF/JPG Format) of the relevant Board Resolution/ Authority Letter etc. together with attested specimen signature of the duly authorized signatory(ies) who are authorized to vote, to the Scrutinizer through e-mail at agc.scrutinizer@gmail.com with a copy marked to evoting@nsdl.co.in.

(xiii) The member(s) whose email ID is not registered with the Bank/Depository Participants(s,) , may obtain a login ID and password for casting his /her vote by remote e-voting by sending a request at evoting@nsdl.co.in or by contacting NSDL at the toll free no.: 1800-222-990 mentioning their Demat Account No/Folio Number. The password shall be provided by NSDL through telephonic verification or through email.

(xiv) यदि एक सदस्य ई-वोटिंग के लिए पूर्व मे ही एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो वह अपना वोट देने के लिए मौजूदा आई-डी और पासवर्ड / पिन का प्रयोग कर सकता है। पासवर्ड भूल जाने के मामले में वह www.evotingindia.com पर उपलब्ध विकल्प forget user details / password का प्रयोग करके अपना पासवर्ड रिसेट कर सकता है या इसके लिए एनएसडीएल के टॉल फ्री नं. 1800-222-990 पर सम्पर्क कर सकते है।

नाम - श्री राजीव रंजन
पदनाम - सहायक प्रबंधक
पता - नेशनल सिक्योरिटी डिपोजिटरी लि. मुंबई
फोन न. - 022-24994738/07506682280
ई-मेल आईडी - rajivr@nsdl.co.in/evoting@nsdl.co.in

(xv) ई-वोटिंग वेबसाईट से लॉग इन करते समय 5 बार गलत पासवर्ड डालने पर यह निष्क्रिय हो जायेगा। इस मामले में आपको इसे रिसेट करने के लिए साइट पर उपलब्ध विकल्प 'Forgot Password' पर जाना होगा।

(xvi) किसी प्रकार की पूछताछ के मामले में शेयर धारक के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) और शेयरधारक के लिए ई-वोटिंग मेनुअल www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध है या टॉल फ्री नं. 1800-222-990 पर सम्पर्क कर सकते है।

(xvii) जिन शेयरधारको के पास बहु-फॉलियो / डिमेट खाते है वे अपने प्रत्येक फ़ोलियो / डिमेट खाते के लिए अलग से वोटिंग प्रक्रिया चुन सकेंगे। फिर भी शेयरधारक यह नोट करे कि बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 (2ई) के प्रावधानों के अनुसरण में बैंक का कोई भी शेयरधारक, केन्द्र सरकार के अतिरिक्त, उसके द्वारा धारित शेयरों के संबंध में बैंक के समस्त शेयरधारकों के कुल वोट के अधिकार के 10.00% से अधिक वोटिंग के अधिकार का हकदार नहीं होगा।

vii) कोई व्यक्ति जिसने एजीएम नोटिस डिस्पेच होने के बाद बैंक के शेयर अर्जित किए है और बैंक का सदस्य बना है तथा कट ऑफ तिथि अर्थात 24.06.2016 को शेयर धारित करता है evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज कर या टॉल फ्री नं 1800-222-990 पर संपर्क करके लॉग-ईन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

viii) आप फ़ॉलियो के यूजर प्रोफाइल में अपना मोबाइल नं. और ई-मेल आईडी भी अद्यतन कर सकते है। जिसका उपयोग भविष्य मे किये जाने वाले पत्राचारों के लिए किया जा सकता है।

ix) सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तिथि 24.06.2016 को बैंक की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के अनुपात में होंगे।

x) एक व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि 24.06.2016 को सदस्य या डिपोजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी रजिस्टर मे दर्ज है केवल वही व्यक्ति मतदान द्वारा वार्षिक आम बैठक में वोटिंग के साथ-साथ रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का पात्र होगा।

xi) सुश्री आशु गुप्ता एंड कंपनी (ई-मेल आईडी agc.scrutinizer@gmail.com) में कार्यरत सुश्री आशु गुप्ता कंपनी सचिव (सदस्यता सं. एफ 4123, सीपी नं. 6646) को बैंक द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा करने के लिए संवीक्षक के रुप में नियुक्त किया गया है।

xii) अध्यक्ष एवं सदस्यों को जो वार्षिक आम बैठक मे उपस्थित है लेकिन रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्राप्त कर अपना वोट प्राप्त नही किया है संवीक्षक की सहायता से संकल्पों जिस पर वोटिंग की जानी है पर चर्चा के बाद वार्षिक आम बैठक में वोटिंग की अनुमति देगा।

xiii) संवीक्षक, आम बैठक के दौरान हुई वोटिंग के तुरंत बाद डाले गए वोटों की गिनती करेगा तत्पश्चात् दो साक्ष्यों की उपस्थिति में जो बैंक के नियोजन में न हों, वोट अनब्लॉक करेगा और बैठक के अध्यक्ष को या उसके द्वारा अधिकृत व्यक्ति को पक्ष या विपक्ष में डाले गये वोट की यदि कोई हो, लिखित रिपोर्ट बैठक के अध्यक्ष को एजीएम की समाप्ति के 48 घंटों के अन्दर प्रस्तुत करेगा तथा अध्यक्ष या उनके द्वारा लिखित में प्राधिकृत एक व्यक्ति, प्रतिहस्ताक्षर करेगा। अध्यक्ष या प्राधिकृत व्यक्ति वोटिंग के परिणामों की घोषणा करेगा।

xiv) संवीक्षक रिपोर्ट के साथ परिणामों की घोषणा, बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in पर और सीडीएसएल की वेबसाइट पर अध्यक्ष या प्राधिकृत व्यक्ति वोटिंग के परिणामों की लिखित में तथा स्टॉक एक्सचेंज को तत्काल सूचित कर दिया जाएगा।

10. उपस्थिति पर्ची तथा प्रवेश पास

शेयरधारकों की सुविधा के लिए उपस्थिति पर्ची सह प्रवेश पास इस वार्षिक रिपोर्ट के साथ संलग्न है। शेयरधारकों/प्रॉक्सीधारकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उपस्थिति पर्ची सह प्रवेश पास में उचित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें तथा वार्षिक आम बैठक स्थल पर इसे सुपुर्द करें।

बोर्ड के निदेशकों के आदेशानुसार
कृते पंजाब नैशनल बैंक

(उषा अनंतसुब्रह्मण्यन)
प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 18 मई, 2016

(xiv) If a member is already registered with NSDL for e-voting earlier he can use his existing user ID and password/ PIN for casting his /her vote. In case password is forgotten he/she can reset the password by using "Forget User Details/Password" option available on www.evoting.nsdl.com or contact NSDL at toll free number 1800-222-990. The contact details of official for remote e-voting are as follows:

Name - Mr. Rajiv Ranjan
Designation - Assistant Manager
Address - National Securities Depository Limited, Mumbai
Phone No. - 022-24994738/07506682280
Email-ID - rajivr@nsdl.co.in/evoting@nsdl.co.in

(xv) Login to e-voting website will be disabled upon five unsuccessful attempts to key-in the correct password. In such an event, you will need to go through 'Forgot Password' option available on the site to reset the same.

(xvi) In case of any query, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the Downloads section of www.evoting.nsdl.com or call on Toll free no. 1800-222-990.

(xvii) Shareholders holding multiple folios/demat accounts shall choose the voting process separately for each folio/ demat account. However, shareholders may please note that in terms of Section 3 (2E) of the Banking Companies (Acquisition & Transfer of Undertakings) Act, 1970, no shareholder other than the Government of India is allowed to exercise voting rights in excess of 10.00% of the total voting rights of all the shareholders of the Bank.

vii) Any person who acquires the shares of the Bank and becomes member of the Bank, after dispatch of the notice of AGM and holding shares as on cut-off date i.e. 24.06.2016 may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or contacting NSDL at toll free no. 1800-222-990.

viii) He/ She can also update his/her mobile number and e-mail id in the user profile details of the folio which may be used for sending future communication(s).

ix) The voting rights of members shall be in proportion to their share of the paid-up equity share capital of the Bank as on the cut-off date of 24.06.2016.

x) A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date i.e., 24.06.2016 only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM.

xi) Ms. Ashu Gupta, Practising Company Secretary (Membership No. F4123, CP No. 6646) of M/s Ashu Gupta & Co. (e-mail ID – agc.scrutinizer@gmail.com) has been appointed as the Scrutinizer by the Bank to scrutinize the remote e-voting process as well as electronic voting process in a fair and transparent manner.

xii) The Chairman shall, at the Annual general meeting, at the end of discussion on the resolutions on which voting is to be held, allow voting, with the assistance of scrutinizer, for all those members who are present at the AGM but have not cast their votes by availing the remote e-voting facility.

xiii) The Scrutinizer shall after the conclusion of voting at the meeting, will first count the votes cast at the meeting and thereafter unblock the votes cast through remote e-voting in the presence of at least two witnesses not in employment of the Bank. The Scrutinizer shall submit a consolidated Scrutinizer's Report on the votes cast to the Chairman of the meeting not later than forty eight hours of the conclusion of the AGM and the Chairman or a person authorised by him/ her in writing, who shall countersign the same. The Chairman or the authorised person shall declare the result of the voting forthwith.

xiv) The Results along with the Scrutinizer's Report shall be placed on the Bank's website www.pnbindia.in and on the website of NSDL immediately after declaration of result by the Chairman or a person authorized by him/her in writing and communicated to the Stock Exchanges.

10. ATTENDANCE SLIP - CUM - ENTRY PASS

Shareholders/Proxy holders/ Authorized Representatives are requested to affix their signatures at the space provided on the enclosed Attendance Slip-cum-Entry Pass and surrender the same at the AGM venue.

By order of the Board of Directors
For PUNJAB NATIONAL BANK



(Usha Ananthasubramanian)
Managing Director& CEO

Place: New Delhi
Date: 18 May, 2016

निदेशक रिपोर्ट

Directors' Report

KEY FINANCIAL POSITION

















KEY FINANCIAL RATIOS









IMPROVED PRODUCTIVITY





CAPITAL ADEQUACY RATIO





प्रगति एक नजर में
PROGRESS AT A GLANCE

(` करोड़ में) (` crore)

क्र. सं. S. No	पैरामीटर PARAMETERS	वित्त वर्ष11 FY'11	वित्त वर्ष12 FY'12	वित्त वर्ष13 FY'13	वित्त वर्ष14 FY'14	वित्त वर्ष15 FY'15	वित्त वर्ष16 FY'16
1	शेयर पूंजी Share Capital	317	339	353	362	371	393
2	आरक्षित निधियाँ Reserves & Surplus	21192	27478	32323	35533	38709	37917
3	जमाराशियां Deposits	312899	379588	391560	451397	501379	553051
4	अग्रिम Advances	242107	293775	308796	349269	380534	412326
5	कुल कारोबार Total Business	555005	673363	700356	800666	881913	965377
6	कुल परिसम्पत्तियां Total Assets	378325	458194	478948	550420	603334	667390
7	कुल निवेश Net Investment	95162	122629	129896	143786	149877	157846
8	कुल शाखाएं* (संख्या) Total Branches*(Number)	5189	5670	5874	6201	6560	6760
9	एटीएम नेटवर्क (संख्या) ATM Network (Number)	5050	6009	6313	6940	8348	9463
10	परिचालन लाभ Operating Profit	9056	10614	10907	11384	11955	12216
11	कुल प्रावधान Total Provisions	4622	5730	6160	8042	8893	16192
12	शुद्ध लाभ Net Profit	4433	4884	4748	3343	3062	-3974
13	कारोबार/कर्मचारी (लाख ` ) Business/Employee (` lakh)	1018	1132	1165	1283	1319	1359
14	ऋण-जमा अनुपात (%) Credit-Deposit Ratio (%)	77.38	77.39	78.86	77.38	75.90	74.55
15	जमाराशियों की लागत (%) Cost of Deposit (%)	5.24	6.59	6.82	6.33	6.09	5.85
16	अग्रिमों पर आय (%) Yield on Advances (%)	10.58	11.67	11.06	10.36	9.88	9.10
17	निवेश पर प्राप्ति (%) Yield on Investment (%)	6.67	7.57	7.89	7.85	7.99	7.94
18	शुद्ध ब्याज मार्जिन (%) Net Interest Margin (%)	3.96	3.84	3.52	3.44	3.15	2.60
19	परिसम्पत्तियों पर प्रतिफल (%) Return on Assets (%)	1.34	1.19	1.00	0.64	0.53	-0.61
20	लागत आय अनुपात (%) Cost to Income Ratio (%)	41.27	39.75	42.81	45.06	46.74	44.94
21	सकल एनपीए (%) Gross NPAs (%)	1.79	2.93	4.27	5.25	6.55	12.90
22	शुद्ध एनपीए (%) Net NPAs (%)	0.85	1.52	2.35	2.85	4.06	8.61
23	पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बेसल III) (%) Capital Adequacy Ratio (Basel III) (%)	-	-	-	11.52	12.21	11.28

* एक एक्सटेंशन काउंटर सहित घरेलू शाखाएं

* Domestic Branches including one Extension Counter

निदेशक रिपोर्ट 2015-16

वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक ने **कई कीर्तिमान पार किए जैसे: `.9.65 लाख करोड़ का वैश्विक कारोबार, `.8.50 लाख करोड़ का घरेलू कारोबार, `.5.50 लाख करोड़ की वैश्विक जमाराशियां, `.4.00 लाख करोड़ के निवल अग्रिम, `.2.00 लाख करोड़ की कासा जमाराशियां और `.12000 करोड़ का परिचालन लाभ।**

बैंक का वैश्विक कारोबार वार्षिक आधार पर 9.5% की वृद्धि दर्शाते हुए मार्च 2016 के अंत तक `.9.65 लाख करोड़ पर पहुंच गया। बैंक का अंतर्राष्ट्रीय कारोबार 11.2% की सुदृढ़ वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए मार्च 2016 के अंत में `.1,12,123 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया। जहाँ `.5.53 लाख करोड़ पर रही बैंक की वैश्विक जमाराशियों में 10.3% की वृद्धि हुई, निवल अग्रिम 8.4% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च 2016 पर `.4.12 लाख करोड़ तक पहुंच गए।

लाभप्रदता मानदंडों के संदर्भ में, बैंक का परिचालन लाभ 31 मार्च 2015 के `.11,955 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2016 पर `.12,216 करोड़ हो गया। प्रमुख अनुपातों के संदर्भ में, मार्च 2016 में समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 2.95% का घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन विचाराधीन अवधि के दौरान राष्ट्रीयकृत बैंकों के बीच सर्वाधिक में से एक बना रहा। साथ ही, 11.28% पर बैंक का सीआरएआर निर्धारित विनियामक आवश्यकताओं से ऊपर रहा।

इस पृष्ठभूमि में, आपके निदेशकगण 2015-16 के लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय विवरण सहित बैंक की वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष सहर्ष प्रस्तुत कर रहे हैं।

हमारा प्रदर्शन

ए. वित्तीय विशिष्टताएँ

ए.1 तुलन पत्र

(`.करोड़)

विवरण	31 मार्च 2015	31 मार्च 2016	वृद्धि (%)
कुल कारोबार	881913	965377	9.5
कुल जमाराशियां	501379	553051	10.3
निवल अग्रिम	380534	412326	8.4

ए.2. लाभ

(`. करोड़)

मानदंड	मार्च 2015	मार्च 2016	वृद्धि (%)
परिचालन लाभ	11955	12216	2.2
प्रावधान	8893	16192	82.1
निवल लाभ/हानि	3062	-3974	-

ए.3 प्रमुख अनुपात

(%)

विवरण	वि व'15	वि व'16
निधियों की लागत	5.14	4.93
निधियों पर प्रतिफल	8.00	7.28
ग्लोबल शुद्ध ब्याज मार्जिन	3.15	2.60
घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन	3.55	2.95
आस्तियों पर प्रतिफल	0.53	ऋणात्मक
लागत आय अनुपात	46.74	44.94

DIRECTORS' REPORT 2015-16

During FY'16, the Bank has **crossed several landmarks** i.e., **`. 9.65 lakh crore Global Business, `. 8.50 lakh crore Domestic Business, `. 5.50 lakh crore Global Deposits, `. 4.00 lakh crore Net Advances, `. 2.00 lakh crore CASA Deposits and `. 12,000 crore Operating Profit.**

The Bank's Global Business reached `.9.65 lakh crore as at end of March'16 reflecting a growth of 9.5% on yearly basis. The Bank's International Business stood at the level of `.1,12,123 crore, recording a YoY growth of 11.2%. While the Global Deposits of the Bank at `.5.53 lakh crore grew by 10.3%, Net Advances recorded growth of 8.4% to reach `.4.12 lakh crore as on 31st March 2016.

In terms of Bottom-line parameters, the Bank's Operating Profit increased from `. 11,955 crore as at 31st March'15 to `. 12,216 crore as at 31st March'16. In terms of key ratios, Domestic Net Interest Margin at 2.95% for the year ended March'16 remained one of the highest amongst nationalized banks during the period under consideration. Further, the CRAR of the Bank at 11.28% stood above the prescribed regulatory requirement.

In this backdrop, your Directors take pleasure in placing the Bank's Annual Report for 2015-16 along with its audited annual financial statements.

OUR PERFORMANCE

A. FINANCIAL HIGHLIGHTS

A.1. BALANCE SHEET

(` crore)

	31st Mar'15	31st Mar'16	Growth (%)
Total Business	881913	965377	9.5
Total Deposits	501379	553051	10.3
Net Advances	380534	412326	8.4

A.2. PROFIT

(` crore)

Parameters	Mar'15	Mar'16	(%)
Operating Profit	11955	12216	2.2
Provisions	8893	16192	82.1
Net Profit/Loss	3062	-3974	-

A.3. KEY RATIOS

(%)

Particulars	FY'15	FY'16
Cost of Funds	5.14	4.93
Yield on Funds	8.00	7.28
Global Net Interest Margin	3.15	2.60
Domestic Net Interest Margin	3.55	2.95
Return on Assets	0.53	Negative
Cost to Income Ratio	46.74	44.94

बी. परिचालनात्मक विशिष्टताएँ

- बैंक ने **'इंद्रधनुष'** नामक एक नए रणनीतिक दृष्टिकोण का कार्यान्वयन किया है जो भारतीय बैंकिंग परिदृश्य में बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के अनुकूल बनने, इसका सामना करने और इसमें सफल होने हेतु बैंक के लिए सात प्रमुख सुधार क्षेत्रों का खाका बनाता है। ये सात क्षेत्र हैं - व्यक्ति विकास, कासा व खुदरा कारोबार वृद्धि, ऋण वृद्धि के माध्यम से सीडी अनुपात में सुधार, एनपीए प्रबंधन, ग्राहक सेवा में सुधार, डिजिटल पीएनबी तथा आय में वृद्धि व व्यय पर नियंत्रण। बैंक ने इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।
- व्यक्ति विकास की दिशा में बैंक ने **'पीएनबी यूनिव'** नामक एक नए मोबाइल एप्लिकेशन आधारित ई-लर्निंग प्लेटफार्म का आरंभ किया है। डेस्कटॉप या लैपटॉप के माध्यम से वेब आधारित अभिगम के अतिरिक्त यह सभी प्रमुख मोबाइल प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है और गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रम एवं उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण हेतु 24x7 उपलब्धता वाली त्वरित पहुँच सीधा पाम टॉप पर उपलब्ध कराती है।
- युवा, ऊर्जावान और तकनीकी-प्रेमी नवनियुक्त कर्मचारियों की पूरी क्षमता का लाभ उठाने के लिए बैंक ने **'पीएनबी नवोदय'** नामक ज्ञानप्राप्ति तथा परामर्श कार्यक्रम आरंभ किया है। यह कार्यक्रम कर्मचारियों को व्यवसाय के विकास और संगठनात्मक लक्ष्य के ब्रांड एंबेसडर में बदलने और इनकी ऊर्जा को बैंक के विकास की दिशा में ले जाने में सहायता करेगा।
- सतत बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने और ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं के साथ बेहतर तालमेल बनाने के लिए, बैंक ने कई अभिनव डिजिटल उत्पादों और समाधानों का शुभारंभ किया जो निम्नवत हैं:
  - **'पीएनबी एटीएम असिस्ट':** एक अनोखी ऐप जो पीएनबी का एटीएम ढूंढने के साथ-साथ एटीएम संबंधी शिकायतें दर्ज कराने में ग्राहक की सहायता करती है।
  - **'पीएनबी मोबीईज':** एक ही टच पर बैंकिंग उपलब्ध कराने वाली मोबाइल ऐप।
  - **'पीएनबी स्लीप ईजी':** इंटरनेट बैंकिंग एवं मोबाइल बैंकिंग पासवर्ड निष्क्रिय और पुन: सक्रिय करने हेतु मोबाइल ऐप।
  - **'ग्रीन पिन':** एसएमएस अनुरोध के माध्यम से डेबिट कार्ड के लिए डुप्लीकेट पिन तुरंत प्राप्त करने में ग्राहकों की सहायता हेतु सुविधा।
  - **ऑनलाइन पीपीएफ व आरडी खाता खोलने की सुविधा।**
  - कॉर्पोरेट वेबसाइट के माध्यम से भारत में कहीं भी लॉकर की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा।
  - बैंक ने **9000 से अधिक एटीएम के विशाल नेटवर्क के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग** हेतु पंजीकरण की सुविधा का आरंभ भी किया है।
  - बैंक ने सोशल मीडिया पर **'ब्रांड पीएनबी'** को मजबूत करने और लागत प्रभावी ढंग से ग्राहकों के साथ संपर्क बनाने के उद्देश्य से सोशल नेटवर्किंग साइटों यथा ट्विटर और लिंक्डइन पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

B. OPERATIONAL HIGHLIGHTS

- The Bank implemented a new strategic approach named **'Indradhanush'** which charts the seven key reform areas for the Bank so as to adapt, evolve and thrive in the face of increased competition in the Indian banking space. These seven areas are People Development, Increase CASA & Retail Business, Improve CD Ratio through Credit Growth, NPA Management, Improve customer service, Digital PNB and Increase Income & Control Expenditure. The Bank made a significant progress in these areas.
- Towards People Development, the Bank has launched new Mobile App based e-Learning Platform named **'PNB Univ'**. It is available on all major Mobile Platforms, besides web based access through Desktop or Laptop to provide a quick access to quality curriculum and high quality training 24x7 right on the palm top.
- To unleash the full potential of the newly recruited young, energetic and tech-savvy employees, the Bank has initiated an On-boarding & Mentoring Program titled **"PNB Navodaya"**. This program will help to channelize employees' energies towards the Bank's development and transform them into brand ambassadors for the business growth and organizational goal.
- To ensure a consistently superior customer experience and to better align with changing customers' expectations, the Bank launched slew of innovative digital products and solutions which are as follows:
  - **'PNB ATM Assist':** Unique App enabling the customer not only to locate PNB's ATM but also to lodge complaints related to ATMs.
  - **'PNB MobiEase':** Mobile app to provide single touch banking.
  - **'PNB Sleep Easy':** To disable and re-enable Internet Banking and Mobile Banking password.
  - **'Green PIN':** To enable customers obtain duplicate PIN for debit card instantly through SMS request.
  - **Online PPF and RD account opening facility.**
  - **Online booking of locker facility** anywhere in India through the corporate website.
  - The Bank has also introduced the facility to register for **Mobile Banking through vast network of over 9000 ATMs.**
  - The Bank registered its presence on the social networking sites i.e., Twitter and LinkedIn, with an aim of strengthening **"Brand PNB"** on social media and to engage with customers in a cost efficient manner.

- परिचालनात्मक प्रक्रियाओं में सुधार करने के लिए, बैंक ने सीबीएस डेटाबेस को M9000 सर्वर से नए स्पार्क सुपर क्लस्टर (M6-32) सर्वरों में सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर लिया है। इस कारण से, हमारा बैंक 4 नोड आरएसी (वास्तविक अनुप्रयोग क्लस्टर) व्यवस्था लागू करने वाला भारत का सर्वप्रथम बैंक बन गया है।
- बैंक ने **'पीएनबी एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई)'** को शुरू करने की प्रकिया में है जो मोबाइल ऐप के माध्यम से फंड ट्रांसफर करने, लेनदेन करने हेतु अन्य बैंकों के साथ खोले गए खातों सहित सभी खातों को लिंक करने और व्यापारियों को पीओएस व नकदी हस्तांतरण के एक विकल्प के रूप में मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से लेनदेन पुल करने की सुविधा देता है।
- वसूली में सुधार लाने हेतु बैंक ने प्रधान कार्यालय में **'वॉर रूम'** बनाए हैं जिनमें एनपीए की व्यवस्थित ढंग से चौबीस घंटे निगरानी की जाती है।
- कार्ड आधारित लेनदेन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए, कारोबार प्रतिनिधि स्थानों पर माइक्रो एटीएम शुरू किए गए हैं। बैंकिंग उद्योग में हमारा बैंक ऐसा पहला बैंक बन गया है जिसने माइक्रो एटीएम के माध्यम से नकद जमा सुविधा का आरंभ किया है।
- देश के कोने-कोने में वित्तीय जागरूकता के प्रसार के लिए, बैंक ने **'वित्तीय जन चेतना अभियान'** का आरंभ किया है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री जन धन योजना, अटल पेंशन योजना, मुद्रा ऋण, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने पर भी जोर देगा।
- महिला विकास के लिए, बैंक ने **पीएनबी वनिता वित्तपोषण योजना, पीएनबी पॉवर सेविंग्स** और **महिला कौशल विकास योजना** जैसी कई नई योजनाएं तैयार की हैं।
- वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक ने 32 **'अक्षया'** शाखाओं का उद्घाटन किया जिनका प्रबंध विशुद्ध रूप से महिलाओं द्वारा और केवल महिला ग्राहकों के लिए किया जाता है।
- वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खातों के माध्यम से जुटाई गई जमाराशियों में सभी बैंकों के बीच **पीएनबी को सर्वश्रेष्ठ** घोषित किया है।

सी. आस्ति गुणवत्ता

वित्तीय वर्ष' 2016 में सकल एनपीए `.55,818 (वित्तीय वर्ष' 2015 = `.25,695 करोड़) रहा एवं वित्तीय वर्ष 2016 में निवल एनपीए `.35,423 (वित्तीय वर्ष' 2015 = `.15,396 करोड़) रहा। अनुपातों के संदर्भ में वित्तीय वर्ष' 16 में सकल एनपीए अनुपात 12.90% (वित्तीय वर्ष' 15=6.55%) रहा तथा वित्तीय वर्ष' 16 में निवल एनपीए अनुपात 8.61% (वित्तीय वर्ष'15=4.06%) रहा।

दबावग्रस्त आस्तियों का बढ़ते जाना बैंक के लिए चिंता का विषय बना रहा। बैंक ने आस्तियों की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु बढ़ते बकायों और ताजा स्लिपेज पर रोक लगाने के लिए विभिन्न उपाय किए। सभी अनर्जक आस्तियों (एनपीए) में खाता-विशिष्ट समाधान कार्यनीतियों को लागू किया गया और प्रगति की नियमित रूप से निगरानी की गई। एनपीए (`.10 लाख व अधिक बकाया वाले) में वसूली की दैनिक प्रगति पर नजर रखी गई और इसको शीर्ष प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत किया जाता रहा। साथ ही, एनपीए से निपटने के लिए ऋणियों के साथ वैयक्तिक बैठकों के माध्यम से समझौता/बातचीत द्वारा निपटानों को अन्य महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में अपनाया गया। बैंक में 17 आस्ति वसूली प्रबंधन शाखाएं (एआरएमबी) भी हैं जो विशेष रूप से एनपीए के समाधान हेतु कार्यरत हैं।

- To improve operational processes, the Bank has successfully migrated the CBS Data Base from M9000 servers to new Sparc Super Cluster (M6-32) servers. Owing to this, the Bank has become the first bank in India to implement 4 node active RAC (Real Application Cluster) setup.
- The Bank is in process of introducing **'PNB Unified Payments Interface (UPI)'** which will allow fund transfer via. Mobile App, link all accounts including those opened with other banks for making transactions and facilitate merchants to pull the transactions through Mobile App as an alternate POS & cash transfer
- To improve the recovery, the Bank has created a **'War Room'** at Head Office wherein round the clock NPA monitoring is undertaken in a systematic manner.
- To provide card based transactions services, Micro ATMs have been introduced at Business Correspondent locations. The Bank has become the first bank in the banking industry to start cash deposit through Micro ATMs.
- To spread financial awareness across the length and breadth of the country, the Bank flagged off **'Vitiya Jan Chetna Abhiyan'**. This program will also emphasize on creating awareness about the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana, Atal Pension Yojana, Mudra Loans, Pradhan Mantri Jeewan Jyoti Yojana and Pradhan Mantri Jan Suraksha Yojana.
- For women development, the Bank has formulated new schemes i.e., **PNB Vanita financing scheme, PNB PoWer Savings and Mahila Kaushal Vikas Yojna**.
- During FY'16, the Bank has inaugurated 32 **'Akshaya'** branches, managed exclusively by women for the women customers only.
- The Ministry of Finance, Government of India, has declared PNB as the first among all banks in deposit mobilized through Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) accounts.

C. ASSET QUALITY

The Bank's Gross NPA stood at `.55,818 crore in FY'16 (FY'15 = `.25,695 crore) and the Net NPA stood at `.35,423 crore in FY'16 (FY'15= `.15,396 crore). In terms of ratios, Gross NPA ratio stood at 12.90% in FY'16 (FY'15= 6.55%) and Net NPA ratio stood at 8.61% in FY'16 (FY'15=4.06%).

The accumulation of stressed assets remained a concern for the Bank. The Bank initiated various measures to arrest the incremental delinquencies and fresh slippages to improve the quality of assets. In all NPAs, account-specific resolution strategies were implemented and progress was monitored regularly. Daily progress of recovery in NPAs (outstanding `.10 lakh and above) was monitored and placed before Top Management. Further, compromise/negotiated settlements through one-to-one meeting with borrowers was adopted as another vital strategy to tackle NPAs. The Bank also had 17 Asset Recovery Management Branches (ARMBs) which function exclusively for resolving NPAs.

वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान की गई पहल:

- वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान दो मेगा बिक्री अभियान आयोजित किए गए जिनमें आवासीय, औद्योगिक एवं अन्य विभिन्न श्रेणियों की संपत्तियां व्यापक प्रचार के साथ बिक्री हेतु रखी गईं। इससे बिक्री की संख्या में वृद्धि हुई और वर्ष के दौरान पर्याप्त वसूली हो सकी।
- बैंक ने सरफेसी कार्रवाई की पूरी प्रक्रिया को कारगर बनाने की पहल की है। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए गहन फॉलो-अप किया गया और सहायक एजेंसी की सहायता प्राप्त कर अथवा डीएमएम/सीएमएम के समक्ष आवेदन कर अचल संपत्तियों का भौतिक कब्जा लेने पर विशेष बल दिया गया। इसके परिणामस्वरुप, बैंक के भौतिक कब्जे में आने वाली संपत्तियों के प्रतिशत में वृद्धि हुई जिससे मेगा बिक्री अभियान के तहत अधिक संपत्तियों की नीलामी की जा सकी।
- वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान एनपीए के बढ़ते स्तर से निपटने हेतु मुश्किल खातों की बिक्री एआरसी को करने के एक और उपलब्ध विकल्प का उपयोग किया गया। इसके परिणामस्वरुप, `.1835 करोड़ बकाया के 15 खातों की बिक्री एआरसी को कर दी गई।
- ऋणियों एवं जमानतदारों से बातचीत करने हेतु मंडल कार्यालय/एफजीएमओ के साथ भी गहन फॉलो-अप किया गया जिसके परिणामस्वरुप वित्तीय वर्ष 15 की तुलना में वित्तीय वर्ष 16 के दौरान अधिक निपटान किए जा सके।
- बैंक ने इरादतन चूककर्ताओं की पहचान करने की पहल भी की और आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार इरादतन चूक करने वाले विभिन्न ऋणियों को नोटिस जारी किए गए। इसके परिणामस्वरुप, वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान 904 ऋणियों को अंततः इरादतन चूककर्ता घोषित किया गया।
- वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान, 6898 ऋण मुक्ति शिविरों में 116825 खातों से `. 742.98 करोड़ की नकद वसूली की गई तथा `. 1224.50 करोड़ की बकाया राशि के 49702 खातों का उन्नयन किया गया। इस प्रकार इन शिविरों में `.1967.48 करोड़ के एनपीए का समाधान किया गया ।
- ओटीएस को एनपीए के तीव्र समाधान के उत्पाद के रूप में प्रचारित किया गया और 84104 खातों में ओटीएस अनुमोदित किया गया। सुपरिभाषित एनपीए नीति के माध्यम से `.854.93 करोड़ की समझौता वार्ता द्वारा अनुमोदित ओटीएस मामलों में वसूली की गई।
- उपरोक्त उल्लिखित पहलों और वसूली तथा उन्नयन के लिए सघन अनुवर्ती कार्रवाई के कारण बैंक ने वित्तीय वर्ष 16 के दौरान एनपीए हुए खातों में `.4724.58 करोड़ की वसूली की।
- दिनांक 31.3.2015 को `.1381.66 करोड़ की कुल बकाया राशि के एनपीए खातों का मानक श्रेणी में उन्नयन किया गया। एनपीए खातों में `.4261.88 करोड़ की कुल नकद वसूली की गई। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान, पहले किए गए अपलिखित खातों में से (तकनीकी अपलेखन सहित) `.2296.95 करोड़ की बैंक ने वसूली की।

डी. औद्योगिक पुनर्गठन

बैंक की मानक पुर्नगठित अग्रिम वित्तीय वर्ष'2015 `.38,315 करोड़ से घटकर वित्तीय वर्ष'2016 में `.20,144 करोड़ हो गए।

Initiatives taken during FY'16:

- During FY'16, two mega sale campaigns were organized in which residential, industrial and other miscellaneous categories of properties were put to sale with wide publicity. This increased the number of sales and led to substantial recovery during the year.
- The Bank has taken initiative to streamline the entire process of SARFAESI action. During FY'16, rigorous follow up was done by ensuring timely action and main stress was given in taking physical possession of the Immovable Properties (IPs) either with the help of supporting agency or by moving application before the DMM/CMM. This has resulted into increase in the percentage of properties under physical possession of the Bank, thereby, leading to more auctions under Mega Sale Campaigns.
- During FY'16, another option available to tackle the rising level of NPAs was utilized by putting some difficult accounts for sale to ARCs. As a result, 15 accounts with outstanding of `.1835 crore was sold to ARCs.
- Concerted follow up was also made with the Circle Office/FGMOs for having dialogue with the borrower and guarantors which has resulted into higher number of settlement during FY'16 vis-a-vis FY'15.
- The Bank also took initiative for identifying Wilful Defaulters and according to Reserve Bank of India guideline, notices were issued to various borrowers who were found to have committed an act of Wilful Default. As a result, during FY'16, 904 borrowers were finally declared as Wilful Defaulters.
- During FY'16, in 6898 Rin Mukti Shivirs, cash recovery of `. 742.98 crore was obtained from 1,16,825 accounts and upgradation of 49,702 accounts with balance outstanding of `.1224.50 crore. Thus, NPAs of `.1967.48 crore were resolved in these shivirs.
- OTS was marketed as a product for faster resolution of NPAs and OTS in 84104 accounts was approved. Through well defined recovery policy `.854.93 crore were recovered in approved OTS cases through negotiated settlements.
- Due to the above highlighted initiatives and concerted follow-up for recovery and upgradation, the Bank recovered `. 4724.58 crore in accounts slipped during FY'16.
- NPA accounts as on 31.03.15 with aggregate outstanding of `.1381.66 crore were upgraded to Standard category. Total cash recoveries in NPA accounts amounted to `.4261.88 crore. During FY'16, the Bank recovered `.2296.95 crore out of the accounts earlier written off (Including Technical Write off).

D. INDUSTRIAL RESTRUCTURING

The Standard Restructured Advances of the Bank has come down from `.38,315 crore for FY'15 to `.20,144 crore for FY'16

क) औद्योगिक पुनर्वास

बैंक ने ऋण पुनर्गठन द्वारा औद्योगिक क्षेत्र हेतु अत्यावश्यक राहत प्रदान करने के लिए संभावित व्यवहार्य बीमार इकाइयों के पुनर्वास की दिशा में अपने प्रयास जारी रखे। बैंक को कई खातों में बीआईएफआर की 'ऑपरेटिंग एजेंसी' की भूमिका सौंपी गई है। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान, औद्योगिक एवं वित्तीय पुर्नगठन हेतु बोर्ड की 'ऑपरेटिंग एजेंसी' के रूप में बैंक द्वारा 4 खातों में प्रारूप पुनर्वास योजना (डीआरएस) तैयार की गई। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक ने बीआईएफआर द्वारा मंजूर किए गए एक मामले में पुनर्वास पैकेज भी लागू किया।

ख) कॉर्पोरेट ऋण पुनर्गठन (सीडीआर)

संघ/बहु बैंकिंग के तहत ऋण सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर रहे व्यवहार्य कॉर्पोरेट्स के ऋण का समय पर पुनर्गठन सुनिश्चित करने के लिए, सीडीआर प्रणाली के तहत एक पारदर्शी तंत्र बनाया गया है। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान, सीडीआर के तहत `.38.38 करोड़ बकाया वाले 1 खाते का पुनर्गठन किया गया। 84 पुनर्गठित खातों में से, 18 खातों में पीएनबी को निगरानी संस्था की भूमिका सौंपी गई है।

ग) लघु एवं मध्यम उद्यमों हेतु ऋण पुनर्गठन तंत्र

बैंक ने वित्तीय वर्ष'06 से ही सीडीआर की तर्ज पर लघु और मध्यम उद्यमों हेतु ऋण पुनर्गठन तंत्र (एसएमई हेतु डीआरएम) को अपनाया हुआ है। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान, बैंक द्वारा `.247.10 करोड़ की कुल बकाया राशि के 17 खातों का पुनर्गठन किया गया।

घ) पुनर्गठन-अन्य

बैंक द्वारा उन संभावित व्यवहार्य इकाइयों के ऋणों का पुनर्गठन करने के लिए एक पारदर्शी व्यवस्था तैयार की गई है जो उनके नियंत्रण से बाहर के कारणों से अस्थायी समस्याओं का सामना कर रही हैं। इस व्यवस्था में ऐसे मामले भी शामिल हैं जिन्हें एसएमई के लिए बीआईएफआर/ सीडीआर/डीआरएम के तहत कवर नहीं किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान, इस श्रेणी के अंतर्गत `.1002.56 करोड़ राशि के कुल 19 खातों को पुनर्गठित/पुनर्निर्धारित किया गया।

ई. डिजिटलीकरण: 'डिजिटल पीएनबी' की ओर

ग्राहकों को बेहतर, त्वरित और कुशल सेवाएं प्रदान करने हेतु अपने सतत प्रयासों को जारी रखते हुए बैंक ने कई पहल की हैं। ये पहल नकदी रहित समाज और कागज रहित बैंकिंग की दिशा में उठाए गए कदम हैं।

ई.1 वैकल्पिक वितरण चैनल

ए) इंटरनेट बैंकिंग: बैंक रिटेल और कॉर्पोरेट वेरिएंट के साथ इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। 31 मार्च 2016 को बैंक के इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों की संख्या 47 लाख तक पहुँच गई। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान अपनी इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं को भी अद्यतन किया जिनका विवरण निम्नानुसार है:

- कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग मॉड्यूल को और भी अधिक सरल तथा प्रयोग में आसान बनाते हुए इसका पुनर्गठन किया गया।
- इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के लेन-देन पासवर्ड को

a) Industrial Rehabilitation

The Bank continued its efforts towards rehabilitation of potentially viable sick units to provide the much needed relief to industrial sector by debt restructuring. The Bank has been assigned the role of 'Operating Agency' of Board for Industrial and Financial Reconstruction (BIFR) in number of accounts. During FY'16, Draft Rehabilitation Scheme (DRS) were formulated by the Bank as 'Operating Agency' of BIFR in four accounts and the Bank has also implemented rehabilitation package in one case sanctioned by BIFR during FY'16.

b) Corporate Debt Restructuring (CDR)

To ensure timely restructuring of the debt of viable corporates availing credit facilities under consortium / multiple banking, a transparent mechanism is formed under CDR system. During FY'16, one account with outstanding of `. 38.38 crore was restructured under CDR. Out of 84 restructured accounts, PNB has been assigned the role of Monitoring Institution in 18 accounts.

c) Debt Restructuring Mechanism for Small & Medium Enterprises

The Bank has already adopted Debt Restructuring Mechanism for Small & Medium Enterprises (DRM for SMEs) on the lines of CDR since FY'06. During FY'16, the Bank restructured 17 accounts with aggregate outstanding of `. 247.10 crore.

d) Restructuring-Others

The Bank has also put in place a transparent mechanism for restructuring of debts of potentially viable units, which are facing temporary problems due to factors beyond their control even for cases which cannot be covered under BIFR/ CDR/DRM for SMEs. During FY'16, 19 accounts involving `.1002.56 crore were restructured/ rescheduled under this category.

E. DIGITALIZATION: TOWARDS 'DIGITAL PNB'

The Bank undertook several initiatives in its continued efforts to provide better, prompt and efficient services to the customers. These initiatives were a step towards cash less society and paperless banking.

E.1 Alternative Delivery Channels

a) Internet Banking: The Bank has been providing Internet Banking Services with following variants viz., Retail Internet Banking and Corporate Internet Banking. The Internet Banking Customers of the Bank reached 47 lakh as on 31st March 2016. The Bank also updated its Internet Banking Services during FY'16 which are given as under:

- Revamped Corporate Internet Banking Module, making it more simple and easy to use.
- Launched '**PNB Sleep-easy**' to block/unblock

आवश्यकतानुसार ब्लॉक/अनब्लॉक करने के लिए **'पीएनबी स्लीपईजी'** सुविधा का आरंभ किया गया।

- डेबिट कार्ड की हॉटलिस्टिंग और निजीकरण सुविधा का आरंभ किया गया।
- डेबिट कार्ड के पिन नंबर को ऑनलाइन रीसेट करने की सुविधा का आरंभ किया गया।
- पीएमजेडीवाई खातों के तहत ओवरड्राफ्ट हेतु इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा।
- इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के संचालन में सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में बैंक द्वारा रिटेल और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग में लेनदेन करने के लिए प्रमाणीकरण के द्वितीय कारक के रूप में डिजिटल हस्ताक्षर लागू किया गया है।

बी) मोबाइल बैंकिंग: 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार बैंक लगभग 24 लाख ग्राहकों को मोबाइल बैंकिंग सेवाएं भी उपलब्ध करा रहा है। बैंक ने निम्न वेरिएंट के साथ मोबाइल बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई हैं:

i. **एसएमएस बैंकिंग:** उपयोगकर्ता को पूर्वनिर्धारित प्रारूप(पों) में एसएमएस भेजना होता है।

ii. **ब्राउजर आधारित मोबाइल बैंकिंग:** इसके लिए जीपीआरएस अथवा वाई-फाई सक्षम मोबाइल फोन की आवश्यकता होती है।

iii. **एप्लीकेशन आधारित मोबाइल बैंकिंग:** उपयोगकर्ता संबंधित ऐप स्टोर से एप्लिकेशन डाउनलोड कर सकते हैं। वर्तमान में हमने एंड्रॉयड, आईओएस, ब्लैकबेरी और जे2एमई प्लेटफार्मों के लिए मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन उपलब्ध कराई है।

iv. **राष्ट्रीय एकीकृत यूएसएसडी प्लेटफार्म** (NUUP): यह सुविधा *99# के कोड पर उपलब्ध है जो सभी बैंकों के लिए एक साझा मंच है। इसका प्रबंधन भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक ने मोबाइल बैंकिंग में निम्न सुविधाएं जोड़ी हैं जिनका विवरण निम्नानुसार है:

- **पीएनबी मोबीईज:** इस मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करने पर विभिन्न पूछताछ (अर्थात शेष पूछताछ, मिनी स्टेटमेंट, चेक बुक अनुरोध आदि) हेतु एसएमएस भेजने के लिए सिंटेक्स याद रखना आवश्यक नहीं रह जाता है।
- **मूल्य वर्धित सेवाएं:** मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से मोबाइल एवं डीटीएच रिचार्ज की सुविधा भी उपलब्ध है।
- **पीएनबी एटीएम असिस्ट:** जीपीएस का उपयोग कर एटीएम का पता लगाने वाली मोबाइल एप्लिकेशन जो एटीएम की कार्यशीलता के विषय में शिकायत भी दर्ज करा सकती है।
- शाखा के किसी भी हस्तक्षेप के बिना मोबाइल बैंकिंग हेतु **ऑनलाइन उपयोगकर्ता पंजीकरण और पासवर्ड रीसेट सुविधा**।
- मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से पीएमजेडीवाई खातों के तहत ओवरड्राफ्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन।
- पीएनबी ने मोबाइल बैंकिंग के हिंदी संस्करण का आरंभ भी कर दिया है।

transaction password of IBS and Mobile Banking when not required.

- Hot listing and personalization of Debit Card.
- Online resetting of Pin number of Debit Card.
- Online application for OD under PMJDY Accounts through IBS.
- For strengthening security in Internet Banking services operations, the Bank has implemented Digital Signature as a second factor of authentication for doing transactions in Retail and Corporate Internet Banking.

b) Mobile Banking: The Bank is also providing Mobile Banking services to around 24 lakh customers as on 31.03.2016. The Bank has provided Mobile Banking Services with following variants:

i. SMS Banking: User has to create SMS in the predefined format(s).

ii. Browser Based Mobile Banking: This requires Mobile phone enabled with GPRS or Wi-Fi.

iii. Application Based Mobile Banking: The user can download app from respective app store. Currently the Bank is providing Mobile Banking App for Android, iOS, Blackberry and J2ME platforms.

iv. National Unified USSD Platform (NUUP): This is offered on a short code *99#, which is a common platform for all banks managed by National Payment Corporation of India (NPCI).

During FY'16, the Bank added the following features which are as follows:

- **PNB MobiEase:** Using this mobile app, there is no need to remember syntax for sending SMS for different enquiries (i.e. Balance Enquiry, Mini Statement, Cheque Book request etc.)
- **Value Added Services:** Facility of Mobile and DTH recharge is available through Mobile Banking.
- **PNB ATM Assist :** A Mobile App to locate ATMs of the Bank using GPS and also lodge complaints regarding the functionality of ATMs.
- **Online User Registration and Password Reset** for Mobile Banking without any intervention of branch.
- Online application for OD under PMJDY Accounts through Mobile Banking.
- PNB introduced hindi version of Mobile Banking.

सी) **एसएमएस अलर्ट सेवाएं:** 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार लगभग 3.95 करोड़ ग्राहकों ने एसएमएस अलर्ट सेवाओं के लिए पंजीकरण कराया है। इन ग्राहकों के लिए प्रति दिन औसतन लगभग 29.92 लाख एसएमएस अलर्ट जनरेट एवं डिलीवर किए जा रहे हैं।

- शाखाओं, एटीएम, आईबीएस, मोबाइल बैंकिंग और पीओएस टर्मिनल में किए गए चिन्हित लेनदेनों (क्रेडिट/डेबिट) के लिए एसएमएस अलर्ट उत्पन्न किए जाते हैं।
- इसके अतिरिक्त, जन्मदिन, मोबाइल नंबर पंजीकरण/संशोधन, पता/नाम में परिवर्तन, इंटरनेट बैंकिंग ट्रांजैक्शन पासवर्ड में परिवर्तन, ऋण की किस्त देय होने, ऋण की किस्त अतिदेय होने, एफडी खाते की परिपक्वता निकट होने, एफडी खाता परिपक्व होने, एनईएफटी (एन10) पुष्टि, यूटीआर सं. सहित आरटीजीएस लेनदेन की सूचना, मिस कॉल पर खाते की शेषराशि की सूचना, आदि जैसी गैर-वित्तीय गतिविधियों के लिए भी एसएमएस अलर्ट भेजे जाते हैं।
- **सेवा क्षेत्र में विकास के लिए:** बैंक ने अशोक लेलैंड, टाटा मोटर्स, एशिया मोटर वर्क्स, हिंदुस्तान मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पिआजियो, आईसीएम लिमिटेड, आयशर वोल्वो, अतुल ऑटो, बजाज मोटर्स और जेएस ऑटो पी लिमिटेड आदि जैसे वाहन निर्माताओं के साथ गठजोड़ करते हुए सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। परिवहन डीलरों के वित्तपोषण हेतु एस्कॉर्ट्स के साथ भी सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

- **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई):** बैंक ने वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 5,96,839 खाताधारकों को `.3593 करोड़ की राशि का वितरण किया।

- **भारत सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन:** बैंक भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं में अग्रसक्रिय रूप से सहभागिता कर रहा है, जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण सहबद्ध पूँजी सब्सिडी योजना (सीएलसीएसएस), खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), टेक्सटाइल और जूट क्षेत्र के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टीयूएफएस), खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए सब्सिडी योजना, आदि। बैंक ने टीईक्यूयूपी (प्रौद्योगिकी गुणवत्ता उन्नयन) एवं टीआरईएडीएस (व्यापार संबंधित उद्यमिता सहायता एवं विकास योजना) के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के साथ गठबंधन भी किया है।

vii. आस्ति गुणवत्ता

बैंक का सकल एनपीए तथा निवल एनपीए 31.03.2016 में क्रमशः `.55,818 करोड़ तथा `.35,423 करोड़ रहा। अनुपात के मामले में सकल एनपीए तथा शुद्ध एनपीए अनुपात क्रमशः 12.90% तथा 8.61% रहा।

वित्तीय वर्ष 2016 के लिए मानक पुर्नगठित अग्रिम `.20,144 करोड़ हो गया।

viii. वित्तीय समावेशन

वित्तीय समावेशन बैंक के लिए प्राथमिकता का क्षेत्र रहा है जैसा कि इसके मिशन "बैंक-रहित के लिए बैंकिंग" में परिलक्षित होता है। बैंक द्वारा प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) का सफल कार्यान्वयन किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने घोषित किया है कि पीएनबी प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खातों के माध्यम से जुटाई गई जमाराशियों में सभी बैंकों के बीच पहले और भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ की गई पीएमजेडीवाई योजना के समग्र कार्यान्वयन में दूसरे स्थान पर रहा है। साथ ही, सभी आवंटित एसएसए और वार्ड को बैंक द्वारा बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से कवर कर लिया गया है।

Simplified Loan Application for credit requirement for more than `.1 crore for Micro, Small and Medium Enterprises (manufacturing sector) has also been made available along with the check list of documents.

- Facility of submission of application on-line and tracking them by prospective borrowers under MSE segment has been provided. A concession of 20% in upfront fee and processing fee is extended to borrowers who submit application on-line to encourage the practice.

- **For growth in Service Sector:** The Bank entered into Tie ups and signed MOU with vehicle manufacturers like Ashok Leyland, Tata Motors, Asia Motors Works, Hindustan Motors, Mahindra & Mahindra, Piaggio, ICM Ltd., Eicher Volvo, Atul Auto, Bajaj Motors, J S Auto P Ltd., etc. MOU was also signed with Escorts for financing transport dealers.

- **Pradhan Mantri MUDRA Yojana (PMMY):** The Bank disbursed a sum of Rs.3593 crore to 5,96,839 account holders during FY'16 under Pradhan Mantri MUDRA Yojana.

- **Implementation of Government of India Schemes and Programmes:** The Bank is pro-actively participating in various schemes of the Government of India like Prime Minister Employment Generation Programme (PMEGP), Credit Link Capital Subsidy Scheme (CLCSS) for Micro & Small Enterprises, Khadi & Village Industry Commission (KVIC), Technology Upgradation Fund Scheme for Textile & Jute Sector (TUFS), Subsidy Scheme for Food Processing Industries, etc. The Bank also entered into a tie up for TEQUP (Technology Quality Upgradation) & TREADS (Trade Related Entrepreneurship Assistance & Development Scheme) with Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises.

vii. Asset Quality

The Bank's Gross NPA and Net NPA stood at `. 55,818 crore and `.35,423 crore, respectively as on 31st March 16. In terms of ratios, the Gross NPA and Net NPA ratio stood at 12.90% and 8.61%, respectively.

The Standard Restructured Advances for FY'16 works out at `.20,144 crore.

viii. Financial Inclusion

Financial inclusion has been priority area for the Bank as reflected in its mission "Banking for the unbanked". Pradhan Mantri Jan-Dhan Yojana (PMJDY) has been successfully implemented by the Bank. As a result of this, Department of Financial Services, Ministry of Finance, GOI, has declared PNB as first among all banks in deposit mobilized through PMJDY accounts and second in overall implementation of PMJDY launched by Hon'ble Prime Minister of India. Further, all allocated SSAs and wards have been covered by the Bank through banking outlets.

वित्तीय समावेशन पर एक दृष्टि

विवरण	31.03.2015 की स्थिति		31.03.2016 की स्थिति	
	खाते (लाख में)	राशि (करोड़ में)	खाते (लाख में)	राशि (करोड़ में)
पीएमजेडीवाई के तहत खोले गए खाते और इन खातों के माध्यम से संगृहीत राशि * पीएमजेडीवाई अगस्त 2014 में आरंभ हुई	89.73	777.39	130.8	1621.45
खाताधारकों को जारी रुपे कार्ड की संख्या	84.09	लागू नहीं	97.65	लागू नहीं
पीएमजेडीवाई खातों में आधार सीडिंग	20.78	लागू नहीं	60.55	लागू नहीं
पीएमजेडीवाई खातों में मंजूर ओवरड्राफ्ट	लागू नहीं	लागू नहीं	3.11	60.06
जारी किए गए सामान्य क्रेडिट काड	2.21	816.49	2.67	1317.68
कारोबार प्रतिनिधियों (बीसी) की कुल संख्या	8033		7996	
बीसी द्वारा किए गए लेनदेन (लाख में)	135.43		298.32	
बीसी द्वारा संगृहीत कारोबार (जमाराशियाँ) (करोड़ में)	472.04		1130.47	
अर्जित की गई शुल्क आधारित आय	12.01		47.61	

Financial Inclusion at a glance

Particulars	As on 31.03.2015		As on 31.03.2016	
	Account (in lac)	Amount (in crore)	Account (in lac)	Amount (in crore)
Accounts opened under PMJDY amt. mobilized through account opened under PMJDY *PMJDY started in Aug. 2014	89.73	777.39	130.8	1621.45
Number of RuPay Cards issued to account holders	84.09	NA	97.65	NA
Aadhaar seeding in PMJDY A/cs	20.78	NA	60.55	NA
Overdraft Sanctioned in PMJDY A/cs	NA	NA	3.11	60.06
General Credit Cards issued	2.21	816.49	2.67	1317.68
Total No. of BCs	8033		7996	
Transactions done by BCs (in lacs)	135.43		298.32	
Business(Deposit) Mobilized by BCs (in crore)	472.04		1130.47	
Fee based Income earned	12.01		47.61	

यूआईडीएआई के तहत प्रगति

	विवरण	लेनदेन संख्या (लाख में)	राशि (करोड़ में)	लेनदेन संख्या (लाख में)	राशि (करोड़ में)
(i)	आधार कार्ड के आधार पर एनपीसीआई के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ भुगतान	135.43	691.46	553.22	1713.6
(ii)	आधार के साथ सीड एवं एनपीसीआई मैपर के साथ मैप किए गए खाते	73.49		146.14	
(iii)	पंजीकरण की संख्या	14.25		53.2	
(iv)	ई-केवाईसी के माध्यम से खोले गए खातों की संख्या	7.3		20.77	

Progress under UIDAI

	Particulars	No. of Transactions (lac)	Amt. (crore)	No. of Transactions (lac)	Amt. (crore)
(i)	Based on Aadhaar, direct benefit payments through NPCI	135.43	691.46	553.22	1713.6
(ii)	Accounts seeded with Aadhaar & mapped with NPCI mapper	73.49		146.14	
(iii)	No. of Enrolments done	14.25		53.2	
(iv)	Accounts opened through e-KYC	7.3		20.77	

बैंक रहा कुछ प्रमुख उत्पादों अग्रदूत

- पीएनबी बीसी स्थानों पर रुपे सहित, आधार आधारित एवं अन्य वित्तीय लेनदेन युक्त माइक्रो एटीएम लगाने वाला पहला बैंक है।
- यूआईडीएआई डेटाबेस से आधार आधारित प्रमाणीकरण के आधार

Pioneer in some of key products

- PNB is the first Bank to deploy Micro-ATMs with RuPay, Aadhaar based and other FI Transactions at BC Location.
- e-KYC, a paperless process for opening of account

पर खाता खोलने की कागज-रहित प्रक्रिया ई-केवाईसी का आरंभ सर्वप्रथम पीएनबी द्वारा ही किया गया था।

- पीएनबी बीसी स्थानों पर आधार सीडिंग प्रदान करने वाला पहला बैंक है।
- बैंक ने आरडी व एफडी उत्पादों को कस्टमाइज करते हुए बीसी स्थानों पर उपलब्ध कराया है।
- पीएनबी बीसी स्थानों पर बुनियादी बैंकिंग सेवाओं के अतिरिक्त आईएमपीएस, इंडो-नेपाल धनप्रेषण आदि जैसे मूल्य वर्धित उत्पाद भी उपलब्ध कराता है।

सामाजिक सुरक्षा योजनाएं: केंद्रीय बजट 2015-16 में की गई घोषणा के परिणामस्वरूप माननीय प्रधानमंत्री जी ने दिनांक 09.05.2015 को तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का निम्नानुसार शुभारंभ किया:-

i) **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना [पीएमएसबीवाई]:** दुर्घटना मृत्यु बीमा के लिए। 31.03.2016 तक पीएमएसबीवाई के तहत पंजीकृत किए गए ग्राहकों की संख्या 52,71,657 थी।

ii) **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना [पीएमजेजेबीवाई]:** जीवन बीमा कवर के लिए। 31.03.2016 तक पीएमजेजेबीवाई के तहत पंजीकृत किए गए ग्राहकों की संख्या 2,60,141 थी।

iii) **अटल पेंशन योजना [एपीवाई]:** 31.03.2016 तक एपीवाई योजना के तहत पंजीकृत किए गए ग्राहकों की संख्या 1,85,593 थी।

ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और बैंक की योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए, बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में **'वरदान'** नामक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया है।

नौ राज्यों में 79 चयनित वित्तीय साक्षरता केंद्रों (एफएलसी) द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन करने के लिए जनवरी 2016 से मार्च 2016 तक पीएनबी एवं नाबार्ड द्वारा संयुक्त रूप से प्रायोजित एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। नाबार्ड द्वारा `.1.48 करोड़ की कुल परियोजना लागत अनुमोदित की गई जिसमें व्यय के 60% की नाबार्ड द्वारा वास्तविक आधार पर प्रतिपूर्ति की जानी है।

डी. आउटलुक

वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रचलित मंदी के बीच भी भारत की विकास यात्रा काफी हद तक सकारात्मक बनी रही। इसके अतिरिक्त, मुद्रास्फीति, राजकोषीय घाटे और चालू खाता शेष जैसे समष्टि आर्थिक मापदंडों में सुधार के संकेत दिखाई दिए हैं। वित्तीय वर्ष 2016 के लिए आधार मूल्यों पर सकल मूल्य संवर्धित (जीवीए) का अनुमान आरबीआई द्वारा 7.4% तथा भारत सरकार द्वारा 7.6% रहने का है जो तुलनात्मक रूप से वित्तीय वर्ष 2015 के लिए 7.2% रहा था। वित्तीय वर्ष 2017 जीवीए का अनुमान आरबीआई द्वारा 7.6% तथा भारत सरकार द्वारा 7 से 7.75% रहने का है।

जीवीए वृद्धि के क्षेत्रवार विश्लेषण से पता चलता है कि वित्तीय वर्ष 2016 के नौ माह के दौरान सेवा क्षेत्र, जो जीवीए का लगभग 53% है, की वृद्धि दर में 9.24% की अच्छी दर से बढ़ोत्तरी हुई है बढ़ी है। सेवा क्षेत्र के भीतर, बैंकिंग, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाओं में वृद्धि दर 10.3% रही जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान रही 11.1% की तुलना में कम है।

based on Aadhaar based authentication from UIDAI data base was first initiated by PNB.

- PNB is the first Bank to provide Aadhaar Seeding at BC locations.
- The Bank has customized and enabled RD and FD products at BC locations.
- Besides basic banking, PNB also offers value added products like IMPS, Indo-Nepal remittances, etc. at BC locations of the Bank.

Special Security Schemes: Consequent upon announcement in Union Budget 2015-16, Hon'ble Prime Minister launched three social security schemes on 09.05.2015 as under:-

i) **Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana [PMSBY] :** for accidental death insurance. As on 31.03.2016, number of customers enrolled under PMSBY stood at 52,71,657.

ii) **Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana [PMJJBY]:** for life insurance cover. As on 31.03.2016, number of customers enrolled under PMJJBY stood at 2,60,141.

iii) **Atal Pension Yojana [APY]:** The no. of enrolment under APY scheme as on 31.03.2016 stood at 1,85,593.

To promote financial literacy in rural areas and to create awareness about the Bank's schemes, a Documentary Film **'VARDAAN'** has been screened at various training centers of the Bank.

A special campaign, jointly sponsored by PNB and NABARD to organize financial literacy camps by selected 79 Financial Literacy Centers (FLCs) in 9 States was organized from January 2016 to March 2016. The total project cost of `.1.48 crore was approved by NABARD, out of which 60% of expenditure is to be reimbursed by NABARD on actual basis.

d. Outlook

India's growth story has largely remained positive in FY'16 amid slowdown prevailing across the global economy. Additionally, macroeconomic parameters like inflation, fiscal deficit and current account balance have exhibited signs of improvement. Gross Value Added (GVA) at Basic prices is estimated at 7.4% for FY'16 (by RBI) and 7.6% by Government of India compared to 7.2% achieved in FY'15. GVA for FY'17 has been projected at 7.6% by RBI and 7-7.75% by Government of India.

Sector wise analysis of GVA growth shows that Services sector growth which accounted for nearly 53% of GVA has grown at a good rate of 9.24% during nine months of FY'16. Within the Services sector, Banking, Real Estate & Professional Services growth at 10.3% is slower in comparison to 11.1% during the corresponding period last year. With the expectation

वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार की आशाओं के साथ, वित्तीय वर्ष 2017 में सेवा क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन होने की उम्मीद है।

कृषि और संबद्ध गतिविधियों को, जो जीवीए का लगभग 15% हैं, पिछले दो वित्तीय वर्षों में लगातार दो असफल मानसून और असामयिक वर्षा से नुकसान उठाना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप, वित्तीय वर्ष 2016 हेतु भारतीय रिजर्व बैंक व्यावसायिक पूर्वानुमानकर्त्ता के 1.1% के अनुमान की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016 के नौ माह के दौरान कृषि उत्पादन की वृद्धि दर 0.6% रही।

विनिर्माण, बिजली और निर्माण क्षेत्रों से युक्त औद्योगिक उत्पादन ने वित्तीय वर्ष 2016 के नौ माह के दौरान 7.3% की वृद्धि दर्ज की जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 5.95% रही थी। तथापि, वित्तीय वर्ष 2016 के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी – जिसमें खनन, विनिर्माण और बिजली शामिल हैं) पिछले वर्ष के इसी अवधि के दौरान रहे 2.8% की तुलना में घटकर 2.4% रह गया। कमजोर घरेलू निवेश वातावरण और निर्यात में दीर्घावधि संकुचन के कारण 2015-16 की दूसरी छमाही में औद्योगिक गतिविधियां लगभग गतिहीन हो गईं। सीएमआईई की रिपोर्ट के अनुसार ठप परियोजनाओं का मूल्य वित्तीय वर्ष 2016 की पहली तिमाही के `.9.37 ट्रिलियन से बढ़कर चौथी तिमाही में `.11.36 ट्रिलियन हो गया। साथ ही, सीएमआईई ने यह भी संकेत दिया है कि कार्यान्वयनाधीन कुल परियोजनाओं के प्रतिशत के रूप में ठप परियोजनाओं के मूल्य में पूरे वित्तीय वर्ष 2016 में लगातार बढ़ोतरी हुई और यह वित्तीय वर्ष 2016 की पहली तिमाही में रहे 10.60% से बढ़कर चौथी तिमाही में 12.30% हो गया।

कॉर्पोरेट सेक्टर, विशेष रूप से ऐसे बड़े व्यावसायिक घरानों, को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिन्होंने तेजी के वर्षों के दौरान बुनियादी ढांचे और इस्पात जैसे पण्य-संबंधित व्यवसायों में निवेश करने के लिए अत्यधिक ऋण लिए। कॉर्पोरेट मुनाफे कम हुए हैं जबकि ऋण बढ़ रहे हैं, जिसने नकदी प्रवाह बनाए रखने के लिए कंपनियों को निवेश में कटौती करने को विवश किया।

सकारात्मक पक्ष पर, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया-स्टैंडअप इंडिया, स्किल इंडिया, और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी सरकारी पहलों, राजकोषीय लक्ष्य हेतु दृढ प्रतिबद्धता और बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर निवेश के माहौल में वृद्धि कर सकता है। वेतन आयोग के निर्णय, पण्यों की लगातार कम कीमतों, पिछली ब्याज दर कटौतियों, और केंद्रीय बजट 2016-17 में ग्रामीण क्षेत्र में बदलाव हेतु घोषित उपायों से घरेलू खपत की मांग में वृद्धि होने की संभावना है।

अक्षय व सौर ऊर्जा, रेलवे, सड़क एवं राजमार्ग, आवास एवं टाउनशिप, बिजली वितरण, खनन, आदि ऐसे कुछ क्षेत्र हैं जहाँ सरकार के नीतिगत सुधारों से बढ़ावा मिलने की आशा है। तथापि, धातु, कपास एवं वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, पेट्रोलियम उत्पादों जैसे कुछ क्षेत्रों को वैश्विक घटनाक्रमों के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान, नियंत्रित सरकारी व्यय और कुछ चक्रीय कारकों की वजह से बैंकिंग प्रणाली की तरलता में कमी बनी रही। तथापि, आरबीआई ने उदार चलनिधि प्रबंधन नीति अपनाई और खुला बाजार परिचालन एवं अवधि रेपो परिचालन तथा चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) जैसे विभिन्न मौद्रिक उपकरणों का उपयोग करके तरलता का उचित स्तर बनाए रखा।

ब्याज दर मुद्रास्फीति, राजकोषीय घाटे और व्यापक आर्थिक विकास के अन्य प्रचलित मापदंडों पर निर्भर है। यह देखते हुए कि उपर्युक्त सभी कारक अनुकूल थे, आरबीआई ने वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान रेपो दर को 7.25% से घटाकर 6.75% कर दिया। इसके परिणामस्वरूप, वित्तीय वर्ष 2016 के

of improvement in the global economy, services sector is expected to do better in FY'17.

Agriculture and Allied activities which contributed nearly 15% to GVA suffered from two successive monsoon failures and untimely rainfall in last two financial years. As a result of this, agricultural production grew at 0.6 percent during the nine month of FY'16 compared to Reserve Bank of India's Professional Forecaster's projection of 1.1 percent for FY'16.

The industrial production comprising Manufacturing, Electricity and Construction recorded a growth of 7.3 percent during the 9 months of FY'16 compared to 5.95 percent during the same period last year. However, Index of Industrial production (IIP) growth (comprising mining, manufacturing & electricity) for FY'16 remained lower at 2.4 percent compared to 2.8 percent during the same period last year. The industrial activities lost pace in the second half of 2015-16 because of weak domestic investment environment and a prolonged contraction in exports. The value of Stalled Projects increased from `.9.37 trillion as on Q1 FY'16 to `.11.36 trillion in Q4 FY'16 as per CMIE report. Further, CMIE also pointed out that the value of stalled projects as percentage of total projects under implementation rose continuously throughout FY'16 and reached 12.30 percent in Q4 FY'16 from 10.60 percent as on Q1 FY'16.

The corporate sector is also facing challenges, especially the large business houses that borrowed heavily during the boom years to invest in infrastructure and commodity-related businesses, such as steel. Corporate profits are low while debts are rising, forcing firms to cut investment to preserve cash flow.

On the positive side, the government's initiatives such as Make in India, Start-up India, Stand up India, Skill India & Pradhan Mantri MUDRA Yojana, strong commitment to fiscal targets and the thrust on boosting infrastructure may brighten the investment climate. Household consumption demand is expected to benefit from the Pay Commission award, continued low commodity prices, past interest rate cuts, and measures announced in the Union Budget 2016-17 to transform the rural sector.

Some sectors which are expected to get a boost from the government policy reforms are renewable & solar energy, railways, road & highways, housing & townships, power distribution, mining, etc. However, some sectors like metal, cotton & textile, gems & jewellery, petroleum products may continue to face challenges owing to global developments.

During FY'16, liquidity in the banking system remained tight because of controlled government expenditure and certain cyclical factors. However, RBI followed accommodative liquidity management policy and kept liquidity at reasonable levels by using various monetary tools like Open Market Operations and Term Repo Operations & Liquidity Adjustment Facility (LAF).

Interest rate is contingent upon prevailing inflation, fiscal deficit and other macroeconomic growth parameters. Considering that all the above factors were conducive, RBI reduced Repo rate from 7.25 percent to 6.75 percent during the FY'16. As a result of this, overall interest rate scenario in the market

दौरान बाजार में समग्र ब्याज दर परिदृश्य सामान्य बना रहा। सामान्य ब्याज दर परिदृश्य के परिणामस्वरूप, बैंकों ने भी अंतिम ग्राहकों को नीतिगत दरों में कमी का लाभ प्रदान करने के लिए अपनी आधार दर को कम किया।

आगे, वित्तीय वर्ष 2017 में आरबीआई ने मुद्रास्फीति 5% रहने का अनुमान लगाया। लगातार द्विमासिक मौद्रिक नीतियों में आरबीआई ने बार-बार संकेत दिया है कि वित्तीय वर्ष 2017 में भी वह अपनी उदार तरलता और मौद्रिक नीति को जारी रखेगा।

अत:, ऐसी आशा है कि वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान ब्याज दरों में नरमी आ सकती है। साथ ही, निधियों की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की शुरूआत के बाद ब्याज दरों के सामान्य बने रहने की उम्मीद है। मुद्रास्फीति में नरमी आने से बैंकों के लिए अपनी जमाराशि दरों को पुनर्संगठित करने का रास्ता बना सकता है। लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दर की समय-समय पर समीक्षा करने के सरकार का निर्णय मौद्रिक नीतिगत दरों के बेहतर प्रेषण में सहायक होगा। बैंकों की उधारी दरों की गणना की नई पद्धति अर्थात एमसीएलआर से जमा दरों में परिवर्तन के फलस्वरूप उधारी दर कम हो जाएगी। कम ब्याज दर और कम कीमत वाले कच्चे माल और अन्य आदान कॉर्पोरेट हेतु परिचालन लागत को कम कर सकते हैं और इस प्रकार उनकी आय में वृद्धि ला सकते हैं।

अतैव, बैंकिंग परिदृश्य वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान कारोबार में 'सामर्थ्य एवं शक्ति' की ओर उन्मुख प्रतीत हो रहा है।

ई. जोखिम और चिंताएं

जोखिम को समझने, मापने और इसका प्रबंधन करने के बैंक के दृष्टिकोण का मूर्त रूप ही बैंक का जोखिम प्रबंधन दर्शन और नीति है और इनका उद्देश्य सुचारू आस्ति पोर्टफोलियो के सतत विकास को सुनिश्चित करना है। ये बैंक द्वारा भलीभांति समझे गए उत्पादों और क्षेत्रों में नेतृत्व दृष्टिकोण को अपनाने, कम से सीमित जोखिम स्तर के पूर्व निर्धारित मानकों के होने और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में सीमित जोखिम लेने को अनिवार्य बनाते हैं। जोखिम और आस्तियों पर प्रतिफल के बीच संतुलन स्थापित कर प्रतिफल को अनुकूलतम बनाना, शेयरधारक मूल्य को अधिकतम करने हेतु बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना, गुणवत्तापूर्ण आस्तियों को आकर्षित कर कारोबार में वृद्धि करना, ऋणियों की वित्तीय स्थिति की सुदृढ़ निगरानी करना और पूंजी के संरक्षण को सुनिश्चित करना आदि भी इसमें शामिल हैं।

बैंक का ऋण जोखिम फ्रेमवर्क सुदृढ़ है और बैंक ने आंतरिक ऋण जोखिम मूल्यांकन मॉडलों का विकास किया है। ये रेटिंग मॉडल ग्राहक के ऋण जोखिम मूल्यांकन की वैज्ञानिक विधि उपलब्ध कराते हैं। बैंक अपने रेटिंग मॉडलों की प्रभावकारिता सुनिश्चित करते हुए इनका आवधिक वैधीकरण करता है और इनकी सुदृढ़ता के परीक्षण हेतु माइग्रेशन एवं डिफॉल्ट दर विश्लेषण भी आयोजित करता है। रेटिंग मॉडलों के आउटपुट का उपयोग बैंक की निर्णय प्रक्रिया (अर्थात क्रेडिट पोर्टफोलियो की लेखापरीक्षा, समीक्षा और निगरानी के अतिरिक्त मंजूरी, मूल्य निर्धारण, ऋण शक्तियां) में किया जाता है। बैंक ने कम जोखिम, मध्यम जोखिम तथा उच्च जोखिम श्रेणियों के अनुसार एक वांछित पोर्टफोलियो वितरण निर्धारित किया है तथा वास्तविक पोर्टफोलियो की तिमाही आधार पर निगरानी की जाती है और इसे बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। बैंक ने रिटेल बैंकिंग तथा एसएमई क्षेत्र अग्रिमों के संबंध में स्कोरिंग मॉडलों का विकास कर इनको केन्द्रीय सर्वर पर उपलब्ध कराया है। इन प्रक्रियाओं ने ऋणों का शीघ्र और अचूक वितरण

remained moderate during FY'16. As a consequence of the moderate interest rate scenario, the Banks have also reduced their Base rate to pass on the benefit of policy rate reduction to the ultimate customers.

Going ahead, in FY'17, RBI has projected inflation to remain at 5%. In successive Bi-monthly Monetary Policies, RBI has repeatedly pointed out that it will continue its accommodative liquidity and monetary policy in FY'17.

Hence, it is expected that interest rate may soften during FY'17. Further, after the introduction of Marginal Cost of Funds Based Lending Rate (MCLR) interest rates are expected to remain moderate. Easing of inflation may create room for banks to further realign deposits rates. Government's decision to review the interest rate on the small savings schemes periodically will help in better transmission of monetary policy rates. The new methodology for computation of lending rates of banks i.e. MCLR will reduce the lending rate consequent upon change in deposit rates. Low interest rate and low-priced raw material and other inputs may reduce the operating cost for the corporate and therefore improve their revenue.

The banking scenario therefore seems to be oriented towards 'Growth & Strength' in business during FY'17.

e. Risks & Concerns

The risk management philosophy & policy of the Bank is an embodiment of the Bank's approach to understand, measure & manage risk and aims at ensuring sustained growth of healthy asset portfolio. This would entail adopting leadership approach in products and segments well understood by the Bank and having pre-determined risk standards of moderate to low risk level and taking limited exposure in high risk areas. This also include optimizing the return by striking a balance between the risk and the return on assets, striving towards improving market share to maximize shareholders' value and augmenting business through attracting quality assets, strong monitoring of borrowers' financial health and ensuring conservation of capital.

The Bank has robust credit risk management framework and has developed in-house credit risk rating models. The rating models provide a scientific method for assessing credit risk rating of a client. The Bank undertakes periodic validation exercise of its rating models ensuring their efficacy and also conducts migration and default rate analysis to test their robustness. The output of the rating models is used in the decision making of the Bank (viz., sanction, pricing, loaning powers besides Audit, Review & Monitoring of credit portfolio). The Bank has set a desired portfolio distribution in terms of Low Risk, Medium Risk and High Risk Categories and the actual portfolio is being monitored on quarterly basis and the same is placed to the Risk Management Committee of the Board. The Bank has developed and placed on central server scoring models in respect of retail banking and SME sector advances. These processes have helped the Bank to achieve quick and

करने, मूल्यांकन में एकरुपता लाने और डेटा का संग्रह एवं विश्लेषण करने में बैंक की सहायता की है। कृषि क्षेत्र हेतु भी स्कोरिंग मॉडल का विकास किया गया है और इसे सभी शाखाओं में लागू कर दिया गया है।

बैंक में बाजार जोखिम प्रबंधन कार्यों के लिए सुपरिभाषित संगठनात्मक संरचना मौजूद है जो बाजार जोखिम, अर्थात् ब्याज दर जोखिम एवं विदेशी विनिमय जोखिम, के समग्र प्रबंधन की प्रक्रिया की देखरेख करती है और इसके मापन एवं निगरानी की कार्यप्रणालियों को कार्यान्वित करती है। ट्रेजरी परिचालन में जोखिम प्रबंधन हेतु दबाव परीक्षण, अवधि, संशोधित अवधि, वीएआर जैसे साधनों का प्रभावी रूप से उपयोग किया जा रहा है।

किसी भी घटना से निपटने के लिए अग्रसक्रिय आधार पर बैंक का आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) किया जाता है। समूचे शाखा नेटवर्क को कवर करने वाले कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) के साथ सभी आस्तियों एवं देयताओं के संबंध में दैनिक आधार पर आस्ति देयता प्रबंधन किया जाता है। आस्ति एवं देयता उत्पादों के संबंध में ब्याज दरें वैज्ञानिक आधार पर निर्धारित की जाती हैं। किसी भी संभावित मुद्रा संकट से निपटने के लिए बैंक ने आकस्मिक निधिकरण योजना बनाई है।

बैंक में परिचालन जोखिम प्रबंधन कार्य हेतु भी सुपरिभाषित संगठनात्मक संरचना एवं रूपरेखा मौजूद है जो परिचालन जोखिम के समग्र प्रबंधन की प्रक्रिया की देखरेख करती है। बैंक में सुपरिभाषित ओआरएम नीति के साथ सुदृढ़ परिचालन जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क मौजूद है। बैंक परपंरागत हानि डाटा के विश्लेषण, जोखिम एवं नियंत्रण स्व-निर्धारण सर्वेक्षण (आरसीएसए), महत्वपूर्ण जोखिम सूचकों (केआरआई) और परिदृश्य-विश्लेषण आदि द्वारा परिचालन जोखिम की पहचान, अनुमान, निगरानी और नियंत्रण/शमन कर रहा है। बैंक ने इंटरप्राइज वाइड डेटा वेयरहाउस (ईडीडब्ल्यू) परियोजना के अंतर्गत एक ऑन-लाइन परिचालन जोखिम समाधान का भी आरंभ किया है और विविध स्तरों पर डेटा कैप्चरिंग एवं प्रबंध सूचना प्रणाली के विभिन्न पहलुओं का ध्यान रखने के लिए इसको केन्द्रीय सर्वर पर उपलब्ध कराया है।

नियामक दिशानिर्देश

बैंक ने बेसल II/III के अंतर्गत जोखिम भारित आस्तियों (आरडब्ल्यूए) की गणना के लिए ऋण जोखिम हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण, बाजार जोखिम हेतु मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण और परिचालन जोखिम हेतु मूल संकेतक दृष्टिकोण को अपनाया है। जोखिम प्रबंधन दर्शन एवं नीति, ऋण प्रबंधन एवं जोखिम नीति, निवेश नीति, आस्ति देयता प्रबंधन नीति, परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति, कारोबारी क्षेत्रों/गतिविधियों की मैपिंग हेतु नीति, आउटसोर्सिंग नीति, कारोबार निरंतरता योजना, ऋण जोखिम न्यूनीकरण एवं संपार्श्विक प्रबंधन नीति, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) दस्तावेज, दबाव परीक्षण नीति, समूह जोखिम प्रबंधन दर्शन एवं नीति, अंत: समूह लेनदेनों की निगरानी व प्रबंधन हेतु नीति, मॉडल जोखिम नीति, आईटी सुरक्षा नीति आदि जैसी प्रासंगिक जोखिम प्रबंधन नीतियां आरबीआई दिशानिर्देशों की आवश्यकताओं के अनुसार स्थापित की गई हैं।

बैंक ऋण जोखिम, बाजार जोखिम व परिचालन जोखिम हेतु आरडब्ल्यूए/ पूंजी प्रभार की गणना के लिए उन्नत दृष्टिकोणों में अंतरण करने की योजना बना रहा है। बैंक ऋण जोखिम हेतु आंतरिक रेटिंग आधारित नींव दृष्टिकोण (एफआईआरबी) तथा परिचालन जोखिम हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण (टीएसए) को अपनाने के समानांतर संचलन में है। बैंक को परिचालन जोखिम हेतु उन्नत मापन दृष्टिकोण (एएमए) के तहत समानांतर संचलन के आधार पर पूँजी प्रभार की गणना की मंजूरी भी प्राप्त हो गई है। बैंक ने बाजार जोखिम हेतु आंतरिक

accurate delivery of credit, bring uniformity in the appraisal and facilitate storage of data & analysis thereof. The scoring model for farm sector has also been developed and has been implemented across all the branches.

The Bank has in place a well defined organizational structure for market risk management functions, which looks into the process of overall management of market risk viz. interest rate risk and foreign exchange risk, and implements methodologies for measuring and monitoring the same. Tools like stress testing, duration, modified duration, VaR, etc. are being used effectively in managing risk in the Treasury operations.

Asset Liability Management of the Bank is done on proactive basis to manage any eventuality. With Core Banking Solution (CBS) covering entire branch network, the Asset Liability Management in respect of all assets and liabilities is being done on daily basis. Interest rates in respect of assets and liabilities products are fixed on scientific basis. The Bank has carried out contingency funding plan so as to tide over liquidity crunch if at all it arises.

The Bank has in place a well defined organizational structure and framework for operational risk management functions, which looks into the process of overall management of operational risk. Bank has robust operational risk management framework with a well-defined ORM Policy. Bank is identifying, measuring, monitoring and controlling/ mitigating the operational risk by analyzing historical loss data, Risk & Control Self Assessment Surveys (RCSAs), Key Risk Indicators (KRIs) and Scenario Analysis, etc. The Bank also introduced an online Op-Risk Solution under Enterprise Wide Data Warehouse (EDW) Project and placed it on central server to take care of various aspects of data capturing and management information system at various levels.

Regulatory Guidelines

The Bank has adopted Standardized Approach for Credit Risk, Standardized Duration Approach for Market Risk and Basic Indicator Approach for Operational Risk for computation of Risk Weighted Assets (RWA) under Basel II/III. As per the requirements of the RBI guidelines, relevant risk management policies such as Risk Management Philosophy & Policy, Credit Management & Risk policy, Investment policy, Asset Liability Management policy, Operational Risk Management policy, Policy for Mapping Business Lines/ Activities, Outsourcing Policy, Business Continuity Plan, Credit Risk Mitigation & Collateral Management Policy, Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP) Document, Stress Testing Policy, Group Risk Management Philosophy & Policy, Policy for management and monitoring of Intra-group Transactions, Model Risk Policy, IT Security Policy etc., are in place.

The Bank plans to migrate to advanced approaches for computation of RWA / Capital charge for Credit, Market and Operational Risks. The Bank is under parallel run for adoption of Foundation Internal Rating based Approach (FIRB) for Credit Risk and The Standardized Approach (TSA) for Operational Risk. The Bank has also been granted approval for calculation of capital charge on parallel run basis under Advanced Measurement Approach (AMA) for Operational Risk.

मॉडल दृष्टिकोण (आईएमए) तथा ऋण जोखिम हेतु उन्नत आंतरिक रेटिंग आधारित दृष्टिकोण (एआईआरबी) को अपनाने हेतु औपचारिक आशय पत्र भी प्रस्तुत किया है। इस संबंध में सभी आवश्यक कार्रवाई आरंभ की जा चुकी है।

अन्य प्रमुख पहल

बैंक मानता है कि जोखिम संस्कृति का प्रसार प्रत्येक स्तर तक होना चाहिए और बैंक ने जोखिम समायोजित आधार पर मंडल कार्यालयों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना आरंभ कर दिया है। अंचल प्रबंधकों/मंडल प्रमुखों को बेहतर आर्थिक प्रतिफल अर्जित करने, कुल ऋण जोखिम भारित आस्तियों/ कुल ऋण जोखिम अनुपात के लिए स्वयं के लक्ष्य निर्धारित करने और इसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर निरंतर कमी लाने की सलाह दी जा रही है। बैंक जोखिम समायोजित प्रतिलाभ के आधार पर पूंजी आवंटन की रूपरेखा का विकास करने की परिकल्पना कर रहा है।

बैंक ने आरबीआई द्वारा जारी किए गए बेसल III दिशानिर्देशों के अंतर्गत वांछित विभिन्न मानदंडों को लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। बैंक ने बेसल III दिशानिर्देशों का पूर्ण कार्यान्वयन होने तक की पूंजी आवश्यकताओं की गणना की है और बेसल III के अंतर्गत विभिन्न आवश्यकताओं एवं नियामक द्वारा किए गए परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए पूंजी नियोजन किया जा रहा है।

ऋणियों की वित्तीय स्थिति की बेहतर निगरानी और एनपीए की कमी/रोकथाम के लिए समय पर कार्रवाई करने हेतु बैंक ने जुलाई 2014 से नई सिस्टम-संचालित निवारक निगरानी प्रणाली (पूर्व चेतावनी) का आरंभ किया है।

एफ. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली एवं इसकी पर्याप्तता

i. ऋण लेखापरीक्षा एवं समीक्षा

बैंक द्वारा उच्च मूल्य ऋण खातों में समय-समय पर निर्दिष्ट स्वीकृति एवं स्वीकृति-पश्चात प्रक्रियाओं/ कार्यप्रणालियों के अनुपालन की जांच करने के लिए जनवरी 2002 में ऋण समीक्षा प्रणाली (एलआरएम) के एक भाग के रूप में ऋण लेखापरीक्षा एवं समीक्षा प्रभाग (कार्ड) की स्थापना की गई।

मौजूदा एलआरएम नीति के संदर्भ में, कमजोर एवं टेकओवर खातों सहित समस्त पात्र खातों में 2015-16 के लिए ऋण लेखापरीक्षा आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान, विदेशी बैंकिंग इकाई, सीप्ज, मुम्बई में विदेशी ऋण खातों की लेखापरीक्षा भी आयोजित की गई और संबंधित वर्टीकल के परामर्श से पीएनबी डीआईएफसी, दुबई व हांगकांग की लेखापरीक्षा भी जारी है।

उक्त नीति के संदर्भ में, `.2,23,124 करोड़ के ऋण जोखिम वाले ऋण खातों की लेखापरीक्षा की गई जो एक वर्ष में आरबीआई की न्यूनतम 30% से 40% आवश्यकता के सापेक्ष फरवरी 2016 तक बैंक के निवल मानक ऋण पोर्टफोलियो - घरेलू एवं विदेशी (31.03.2015 को `.4,52,009 करोड़) का 49.36% है।

साथ ही, इस बात पर बल दिया गया कि कार्ड एक विशिष्ट लेखापरीक्षा है और ऋण लेखापरीक्षा रिपोर्ट द्वारा केवल प्रारंभिक चेतावनी संकेतों और सामान्य प्रकृति की टिप्पणियों को उजागर किया जाना चाहिए तथा मुख्य मुद्दों I एवं II (स्वीकृति पूर्व/पश्चात) की निरीक्षण एवं लेखापरीक्षा प्रभाग (आईएडी) द्वारा निगरानी की जाएगी।

The Bank has submitted formal Letter of Intent for adoption of Internal Models Approach (IMA) for Market risk and Advanced Internal Rating Based (AIRB) Approach for Credit Risk. All the necessary actions required in this regard have been initiated.

Others major initiatives undertaken

The Bank perceives that risk culture should percolate at every level and has recently started evaluating performance of Circle Offices on risk adjusted basis. Zonal Managers/ Circle Heads are being advised to generate healthy economic returns, set self-targets for Total Credit Risk weighted assets/Total credit exposure ratio and achieve consistent reduction year-on-year basis. The Bank envisages developing framework on capital allocation on the basis of risk adjusted returns.

The Bank has taken necessary steps to implement the various norms as required under Basel III guidelines issued by RBI. The Bank has worked out capital requirements till full implementation of Basel III guidelines and capital planning is carried out keeping in view the various requirements under Basel III and changes brought about by the regulator.

The Bank has put in new system driven Preventive Monitoring System (Early Warning) w.e.f July 2014 for better monitoring of borrowers' financial health and taking timely action for reduction / containment of NPAs.

f. Internal Control System and their adequacy

i. Credit Audit and Review

Credit Audit and Review Division (CARD) was formed in January 2002 as a part of Loan Review Mechanism (LRM) to examine compliance with extant sanction and post-sanction processes/procedures laid down by the Bank from time to time in high value borrowal accounts.

In terms of the extant LRM policy, Credit Audit for 2015-16 was undertaken for all eligible loan accounts including weak and takeover accounts. During FY'16, Credit Audit of overseas loan accounts in Overseas Banking Unit, SEEPZ, Mumbai also got conducted and audit of PNB DIFC, Dubai and Hongkong is under way in consultation with concerned vertical.

In terms of the said Policy, Credit Audit of borrowal accounts having exposure of `.2,23,124 crore, comes to 49.36% of the Bank's net standard credit portfolio – domestic and overseas (`.4,52,009 crore as on 31.03.2015) upto February 2016 as against the RBI's requirement of at least 30% to 40% in a year.

Further, it has been emphasized that CARD is a specialized audit and Credit Audit reports should only highlight the Early Warning Signals and the observations in the nature of routine and Core Issues I and II (pre/post sanction) will be monitored by the Inspection and Audit Division (IAD).

लेखापरीक्षकों को अपनी टिप्पणियों में सुधारात्मक कार्रवाई का निरपवाद रूप से उल्लेख करना चाहिए। अत: ऋण लेखापरीक्षा प्रक्रिया को ऋण जोखिम की गंभीरता और पूर्व चेतावनी संकेतों की पहचान करने के इसके मूल उद्देश्य की ओर पुन: उन्मुख करने के लिए ऋण लेखापरीक्षा रिपोर्ट (कार्यपालक सार) को संशोधित किया गया है जिसे जनवरी 2016 से प्रभावी कर दिया गया है।

ii. आंतरिक लेखापरीक्षा

निरीक्षण एवं लेखापरीक्षा प्रभाग (आईएडी) का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बैंक का कारोबार बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों एवं रणनीतियों के अनुसार एक विवेकपूर्ण तरीके से तथा कारोबार के साथ जुड़े जोखिम की पहचान, मूल्यांकन, प्रबंध और नियंत्रण करने में प्रबंधन को सक्षम बनाने हेतु संचालित किया जाता है।

एक प्रभावी लेखापरीक्षा प्रक्रिया इन नियंत्रणों की पूरक है जो संगठन के भीतर नियत्रंण प्रणालियों की पर्याप्तता, पूर्णता, परिचालनात्मक प्रभावशीलता और दक्षता का स्वतंत्र मूल्यांकन करती है। आईएडी सुनिश्चित करता है कि प्रभावी नीतियां एवं कार्यप्रणाली लागू हैं और आंतरिक/बाह्य लेखा परीक्षकों द्वारा चिह्नित आंतरिक नियंत्रण कमियों के प्रत्युत्तर में प्रबंधन द्वारा उचित सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।

जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा के अंतर्गत, ध्यान को लेनदेन के पूर्ण पैमाने वाले परीक्षण से जोखिम की पहचान करने की ओर अंतरित किया गया है। अत: जोखिम आधारित लेखापरीक्षा करने के लिए बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित सुपरिभाषित नीति तैयार की गई है। इस नीति में ऐसे जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करने हेतु जोखिम मूल्यांकन पद्धति भी शामिल है जिनके आधार पर लेखापरीक्षा योजना तैयार की जाएगी। जोखिम आधारित नीति गतिविधियों/कार्यों/उत्पादों की आवृत्तियों, प्राथमिकताओं, जांच सीमाओं, जोखिम-मूल्यांकन/ प्रोफाइलिंग तथा लेखापरीक्षा प्रक्रिया के दौरान उनको अद्यतन करने, जोखिम श्रेणियों का विस्तार करने आदि पर ध्यान केन्द्रित करती है।

निर्दिष्ट प्रणालियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन न केवल बैंक की कार्यप्रणाली को सुचारू बनाने में सहायता करता है बल्कि इसके लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए जोखिममुक्त वातावरण भी उपलब्ध कराता है। निरीक्षण एवं लेखापरीक्षा प्रभाग (आईएडी) मूल्यांकन करता है व सुनिश्चित करता है कि नियामक/बोर्ड/एसीबी द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों/टिप्पणियों के आधार पर बैंक द्वारा तैयार की गई एवं दीर्घावधि में विकसित हुई प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन किया जाता है।

उक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रभाग द्वारा जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (ऑनसाइट तथा ऑफसाइट), राजस्व लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा, ऋण लेखापरीक्षा, अकस्मात लेखापरीक्षा, संवर्ग लेखापरीक्षा, अनुपालन लेखापरीक्षा, विधिक लेखापरीक्षा, फेमा लेखापरीक्षा आदि जैसी विभिन्न प्रकार की लेखापरीक्षा का आयोजन किया जाता है।

ऑनसाइट लेखापरीक्षा के अतिरिक्त, आईएडी, आंचलिक लेखापरीक्षा कार्यालयों (जैडएओ) एवं मंडल कार्यालयों (सीओ) में स्थापित 'ऑफसाइट निगरानी कक्षों' के माध्यम से नियमित निगरानी की जा रही है। ऑफसाइट लेखापरीक्षा **गैर-संगामी लेखापरीक्षा शाखाओं** में भी

Auditors should invariably mention the corrective action of the observations made. Therefore, to reorient Credit Audit process towards its primary purpose of identifying criticality in credit risk and early warning signals, Credit Audit Report (Executive Summary) has been modified and brought into force w.e.f. January 2016.

ii. Internal Audit

The objective of Inspection and Audit Division (IAD) is to ensure that the business of the Bank is conducted in a prudent manner in accordance with the policies and strategies approved by the Bank's Board of Directors and to enable the management to identify, assess, manage and control the risks associated with the business.

These controls are supplemented by an effective audit function that can evaluate independently the adequacy, completeness, operational effectiveness and efficiency of the control systems within the organization. IAD ensures that effective policies and practices are in place and the management takes appropriate corrective action in response to the internal control weaknesses identified by internal / external auditors.

Under risk-based internal audit, the focus has been shifted from the system of full-scale transaction testing to risk identification. Therefore, well defined policy duly approved by the Board, for undertaking risk-based internal audit has been framed. The policy includes the risk assessment methodology for identifying the risk areas based on which the audit plan would be formulated. Risk based policy focuses on frequency, prioritizing, extent of checking, risk-assessment/ profiling of activities/ functions/ products and their updating, broadening the risk classifications etc. during audit process.

Compliance of laid down systems and procedures not only helps in smooth functioning of the bank but also provides a risk free environment to achieve its goals and objectives. Inspection and Audit Division (IAD) assesses and ensures that systems and procedures framed by the bank on the basis of directions / observations made by the Regulator / Board / ACB and developed over a long period of time, are complied with.

To achieve the above objective, various type of Audits are conducted by the division viz. Risk Based Internal Audit (On-site as well as Off-site), Revenue Audit, Information System (IS) Audit, Credit Audit, Snap Audit, Segment Audit, Compliance Audit, Legal Audit , FEMA audit etc.

Besides the on-site audit, regular monitoring is being done through 'Off-site Surveillance Cells' set up at IAD, Zonal Audit Offices (ZAOs) and the Circle Offices (COs). Off-site Audit is also carried out in **Non-concurrent Audit Branches**, covering comprehensive audit items and their

आयोजित की जाती है जिसमें विभिन्न कारोबार एवं नियंत्रण जोखिम मानदंडों में जोखिम दिशा तथा/अथवा जोखिम के स्तर में परिवर्तन के आंकलन हेतु विस्तृत लेखापरीक्षा मदों और शाखाओं में उनके अनुपालन स्तर को कवर किया जाता है। तदनुसार, बैंक में वार्षिक लेखापरीक्षा योजना को निरुपित, अनुमोदित एवं कार्यान्वित किया जाता है।

संगामी लेखापरीक्षा के अंतर्गत शाखाओं/कार्यालयों की संख्या वित्तीय वर्ष 2015 की 1124 से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2016 में 1274 हो गई। संगामी लेखापरीक्षा के अंतर्गत शाखाओं/कार्यालयों ने 31.12.2015 को जमाराशियों का 68.45%, अग्रिमों का 74.82% और कुल कारोबार का 71.11% कवर किया, जो आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुरूप है।

बैंक में पहले से ही जोखिम लेखापरीक्षा टेम्प्लेट्स लागू हैं जिन्हें ई-आरबीआईए के माध्यम से गैर-विशेष शाखाओं, एलसीबी, एमसीबी, आईबीबी व एडी शाखाओं, खुदरा आस्ति शाखाओं (आरएबी), आस्ति वसूली प्रबंधन शाखाओं (एआरएमबी), बैक ऑफिस (आरसीसी, सीडीपीसी, सीबीओटीएफ), ऑफशोर बैंकिंग यूनिट (ओबीयू) एवं अंतर्राष्ट्रीय सेवा शाखाओं (आईएसबी) आदि के लिए ऑनलाइन कर दिया गया है। ई-आरबीआईए के अंतर्गत दैनिक/मासिक/तिमाही रिपोर्ट एवं राजस्व लेखापरीक्षा को भी कवर किया गया है। ई-आरबीआईए में केन्द्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग कक्ष (सीपीपीसी) की तिमाही लेखापरीक्षा हेतु प्रारूप भी कस्टमाइज किया गया है।

लेखापरीक्षा की बेहतर गुणवत्ता के लिए फेमा लेखापरीक्षा टेम्प्लेट्स को आरबीआई/एसीबी निर्देशों के अनुसार संशोधित किया गया है। ई-आरबीआईए टेम्प्लेट्स में संशोधन के माध्यम से फेमा दिशानिर्देशों का अनुपालन संगामी लेखापरीक्षा का अभिन्न अंग बना दिया गया है। अन्य टेम्प्लेट्स में भी बड़े पैमाने पर फेमा शर्तों को कवर करने के लिए आईबीबी/एडी शाखाओं के टेम्प्लेट्स में भी संशोधन किए जा रहे हैं और शीघ्र ही इन्हें उपलब्ध करा दिया जाएगा। प्रधान कार्यालय के 9 प्रभाग भी संगामी लेखापरीक्षा के अधीन हैं।

सूचना सुरक्षा, इलैक्ट्रानिक बैंकिंग, प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंधन और साइबर फ्रॉड (गोपाल कृष्ण समिति की सिफारिशों) पर आरबीआई के गाइडेंस नोट के अनुरूप आईएस लेखापरीक्षा आयोजित की जा रही है। इसको आईएस लेखापरीक्षकों (आंतरिक या बाह्य) के माध्यम से आयोजित किया जाता है जिसका उद्देश्य डेटा सेंटर (डीसी), आपदा रिकवरी साइट (डीआरएस), सर्वर्स, डिवाइसेज, प्रधान कार्यालय के महत्वपूर्ण प्रभागों (ईएपीटी, वीएपीटी, वैन व प्रोसेस ऑडिट के माध्यम से) के सुरक्षा संबंधी जोखिमों की पहचान करना और अनुप्रयोगों, नेटवर्क सेंटर (एनसी) व प्रशासनिक कार्यालयों की सुरक्षा व कार्यात्मक लेखापरीक्षा आयोजित करना तथा शाखाओं की परिचालन लेखापरीक्षा आयोजित करना है।

बैंक सभी शाखाओं को ई-आरबीआईए के संरक्षण के अंतर्गत लाने की दिशा में अग्रसर है। बैंक लेखापरीक्षा प्रणाली को भविष्य में बहुल से एकल व समग्र बनाने पर विचार कर रहा है, जैसाकि वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय ने सुझाव दिया है। गैर-संगामी लेखापरीक्षा शाखाओं के लिए ऑफसाईट लेखापरीक्षा प्रणाली को भी आईटी टूल्स के उपयोग द्वारा सशक्त बनाया जा रहा है।

compliance level at these branches for assessment of change in risk direction and/or risk level in various Business and Control Risk Parameters. Accordingly, annual audit plan is formulated, approved and implemented in the bank.

The number of branches/offices under concurrent audit has increased from 1124 in FY'15 to 1274 for FY'16. Branches/offices under concurrent audit cover 68.45% of deposits, 74.82% of advances and 71.11% of overall business of the Bank as at 31.12.2015, which is in line with RBI guidelines.

Risk Audit Templates have already been implemented in the Bank and made on-line through "e-RBIA" for Non-specialized Branches, LCBs, MCBs, IBB and AD Branches, Retail Asset Branches (RABs), Assets Recovery Management Branches (ARMBs), Back Offices (RCCs, CDPCs, CBOTF), Off-shore Banking Unit (OBU) and International Service Branches (ISB), etc. Daily/Monthly/Quarterly reports and Revenue Audit is also covered under e-RBIA. Format for Quarterly Audit of Centralized Pension Processing Cell (CPPC) has also been customized in e- RBIA.

FEMA Audit templates have been revised for better audit quality as per RBI/ACB directives. Compliance of FEMA guidelines has been made integral part of Concurrent Audit through modification in e-RBIA templates. To cover FEMA stipulations extensively in other templates also, IBB/AD Branches template is currently under revision and shall be rolled out soon. Nine Head Office Divisions are also under Concurrent Audit.

IS Audit is being conducted in accordance with the RBI's Guidance Note on Information Security, Electronic Banking, Technology Risk Management and Cyber Frauds (Gopal Krishna Committee recommendations). It is conducted through IS Auditors (External or Internal) with an objective to identify security related risks covering Data Centre (DC), Disaster Recovery Sites (DRS), Servers, Devices, Critical HO Divisions (through EAPT, VAPT, WAN and process audit), Security cum functional audit of applications, Network Centers (NCs) and Administrative Offices and Operational Audit of branches.

The Bank is moving ahead to bring all the branches under the aegis of e-RBIA. The Bank further envisages streamlining audit systems from multiple to single comprehensive audit, as suggested by Department of Financial Services (DFS), Ministry of Finance. Offsite audit system for non concurrent audit branches is also being strengthened by use of IT tools.

iii. अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी)/धन शोधन निवारण (एएमएल)

बैंक समय-समय पर नियामक द्वारा जारी किए गए केवाईसी और एएमएल दिशानिर्देशों का पूर्ण अनुपालन करता है और केवल केवाईसी के अनुरूप ग्राहक ही बैंक को स्वीकार हैं।

नियामक के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी ग्राहकों का उच्च, मध्यम और निम्न की तीन जोखिम श्रेणियों में सावधानीपूर्वक जोखिम वर्गीकरण किया गया है। लाभकारी स्वामी के संदर्भ में नियामक के दिशानिर्देशों का बैंक ने सावधानीपूर्ण अनुपालन किया है।

एक उन्नत एएमएल एप्लीकेशन (वर्जन 6.0) को इनस्टॉल किया गया है जो वॉचलिस्ट स्कैन करने को सक्षम बनाती है, ग्राहक की पहचान की पुष्टि करती है और संदेहास्पद प्रकृति के लेनदेनों की जांच हेतु स्वचालित अलर्ट जारी करने की सुविधा प्रदान करती है। प्रणाली द्वारा जनित अलर्ट की दैनिक आधार पर निगरानी की जाती है और संदेह के मामले में, वित्तीय सतर्कता इकाई-इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) को संदेहास्पद लेनदेन रिपोर्ट (एसटीआर) प्रस्तुत की जाती है।

फिन-नेट गेटवे के माध्यम से नकली नोट रिपोर्ट (सीसीआर), नकद लेनदेन रिपोर्ट (सीटीआर), गैर लाभकारी संगठन रिपोर्ट (एनटीआर) और क्रॉस बार्डर वायर ट्रांसफर रिपोर्ट (सीबीडब्ल्यूटीआर) जैसी सभी निर्दिष्ट रिपोर्टें एफआईयू-आईएनडी को नियमित रूप से प्रस्तुत की जाती हैं।

फील्ड स्टाफ को केवाईसी/एएमएल/सीएफटी मुद्दों पर संवेदनशील/शिक्षित करने के लिए क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र (जैडटीसी) और केन्द्रीय स्टाफ कालेज (सीएससी) के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है और समय-समय पर यूसीआईसी व केवाईसी/एएमएल/सीएफटी अनुपालन पर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाता है।

iv. प्रबंध लेखापरीक्षा

बैंक में प्रबंध लेखापरीक्षा की एक पृथक कार्य के रूप में पहचान की गई है तथा दिनांक 08.07.2004 से एक स्वतंत्र प्रबंधन लेखापरीक्षा एवं समीक्षा प्रभाग (एमएआरडी) परिचालन में है। बैंक में अपने प्रशासनिक कार्यालयों की लेखापरीक्षा के संचालन हेतु जोखिम आधारित प्रबंध लेखापरीक्षा (आरबीएमए) प्रणाली प्रवृत्त है। इस प्रयोजन के लिए, बोर्ड द्वारा 28.04.2006 को आरबीएमए पॉलिसी को प्रारंभिक अनुमोदन प्रदान किया गया तथा पिछली वार्षिक समीक्षा 29.02.2016 को की गई।

यह लेखापरीक्षा आंतरिक रूप से निर्मित जोखिम टेम्प्लेट्स और जोखिम प्रोफाइल पर आधारित होती है जो निर्णय लेने की प्रक्रिया, संचार प्रणाली, संसाधनों के कुशल उपयोग सहित प्रशासनिक कार्यालयों के कामकाज के विभिन्न क्षेत्रों में निहित जोखिम धारणाओं और लक्ष्यों को प्राप्त करने के माध्यमों को कैप्चर करती है। आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए नवीनतम दिशानिर्देशों का भी ध्यान रखा जाता है। एमएआरडी संभावित उच्च जोखिम धारणा वाले चिह्नित मंडलों/अन्य प्रशासनिक कार्यालयों की आकस्मिक लेखापरीक्षा भी नियमित रूप से आयोजित करता है ताकि उनके कामकाज में वांछित सुधार लाने हेतु कदम उठाने के लिए उन्हें अग्रसक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया जा सके।

एमएआरडी आऊटसोर्सिंग गतिविधियों की लेखापरीक्षा, हानि डेटा का सत्यापन, बैंक की स्थापित प्रणालियों एवं प्रक्रियां की समीक्षा,

iii. Know Your Customer(KYC)/Anti Money Laundering (AML)

The Bank strictly follows KYC and AML guidelines issued by RBI from time to time and only KYC compliant customers are accepted by the Bank.

Risk categorization of all the customers into three risk categories i.e. High, Medium and Low is followed meticulously in terms of the regulator guidelines. The Regulator guidelines in respect of Beneficial Owner are followed meticulously.

An upgraded AML Application (version 6.0.) has been installed which enables watch list scanning, verifies customer identity and facilitates generation of automated alerts for scrutiny of transactions of suspicious nature. The system-generated alerts are monitored on daily basis and in case of suspicion; Suspicious Transaction Report (STR) is submitted to Financial Intelligence Unit-India (FIU-IND).

All the prescribed reports such as Counterfeit Currency Reports (CCRs), Cash Transaction Reports (CTRs), Non Profit Organization Reports (NTRs) and Cross Border Wire Transfer Reports (CBWTRs) are submitted regularly to FIU-IND through FIN net Gateway.

